▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 134
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शनिवार 28 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

प्रदेश में कांग्रेस ने 255, भाजपा ने 105 प्रधान बनाए

6 जिलों में खाता नहीं खोल पाई बीजेपी, 105 जगह प्रधान बनाए; 280 पंचायत समितियों में महिलाएं जीतीं

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

प्रदेश के 37 जिलों की 419 पंचायत समितियों में शुक्रवार को प्रधानों के चुनाव हुए। कांग्रेस 255 जगह प्रधान बनाने में सफल रही। हालांकि 20 नवंबर को आए रिजल्ट में कांग्रेस को 230 जगह स्पष्ट बहुमत मिला था और 51 जगह पार्टी बढ़त में थी। भाजपा ने 105 जगह प्रधान बनाए, जबकि पार्टी को 51 जगह स्पष्ट बहुमत मिला था और 13 जगह बढ़त बनाई थी। आरएलपी 24 जगह जीती, जबकि पार्टी को 14 जगह बहुमत और 7 में बढ़त थी। बीएपी 14 जगह प्रधान बनाने में सफल रही। पार्टी को 11 जगह बहुमत और 5 जगह बढ़त मिली थी। प्रदेश की 419 में से 47 पंचायत समितियों में निर्विरोध प्रधान चुने गए।

280 पंचायत समितियों में महिला प्रधान बनीं

प्रदेश में 419 प्रधानों में से 280 प्रधान महिलाएं हैं। प्रधान के 66 प्रतिशत पदों पर महिलाएं जीती हैं। पंचायती राज में 50% महिला आरक्षण के चलते महिलाओं के लिए 204 सीटें आरक्षित थी, लेकिन इससे ज्यादा महिला प्रधान बनी हैं।

बसपा-बीएपी को हराने कांग्रेस-भाजपा एक हुई

बूंदी की केशवरायपाटन पंचायत समिति में बसपा प्रत्याशी को हराने के लिए कांग्रेस-भाजपा के सदस्य एकजुट हो गए और निर्दलीय हेमंत कुमारी बागड़ी को वोट देकर प्रधान बना दिया। हेमंत कुमारी को 15 में से 8 वोट मिले, जबकि बसपा की मीना को 7 वोट मिले। उदयपुर की कल्याणपुर पंचायत समिति में बीएपी को हराने के लिए भाजपा ने कांग्रेस का समर्थन कर दिया। यहां कांग्रेस की त्रिपुरा देवी प्रधान बन गई। कुल 15 सीटों में से बीएपी के पास 5, जबकि 7 कांग्रेस और 3 सीट भाजपा के पास थी।

प्रधान चुनाव 2026

255 कांग्रेस	105 भाजपा	14 बीएपी	21 अन्य	419 कुल



निर्विरोध जीतीं कांग्रेस की पूनम देवी; झुंझुनूं जिले में सिंघाना पंचायत समिति से कांग्रेस की पूनम देवी निर्विरोध प्रधान बन गई हैं। सिंघाना पंचायत समिति के के कुल 15 वार्ड में से 9 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। जबकि 4 सीट पर भाजपा व 2 पर अन्य ने जीत दर्ज की थी। ▪ सूरजगढ़ पंचायत समिति में प्रधान पद के चुनाव में कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार की बेटी सविता ने जीत दर्ज की है। सविता को 11 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी सुमित के पक्ष में 3 वोट पड़े। एक मतपत्र पर किसी प्रकार का निशान नहीं होने के कारण उसे खारिज कर दिया गया। ▪ उदयपुरवाटी पंचायत समिति में प्रधान पद पर कांग्रेस के फूलचंद सैनी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। प्रधान पद के लिए तय समय सीमा तक केवल फूलचंद सैनी ने ही नामांकन भरा था। उन्हें निर्विरोध प्रधान घोषित किया गया। उदयपुरवाटी में कांग्रेस के 12, बीजेपी के 2 और अन्य के 3 सदस्य निर्वाचित हुए थे।

नागौर: प्रधान चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग

नागौर पंचायत समिति में प्रधान पद के चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। कुल 15 वार्डों में भाजपा ने 2, कांग्रेस ने 5, RLP ने 7 और एक सीट निर्दलीय प्रत्याशी ने जीती थी। इसके बाद कांग्रेस ने निर्दलीय सदस्य मैना को प्रधान पद का प्रत्याशी बनाया, जबकि RLP ने मंजू को मैदान में उतारा। चुनाव के दौरान एक कांग्रेस सदस्य मतदान के लिए निर्धारित समय के बाद पहुंचा, जिसके चलते वह मतदान नहीं कर सका। ऐसे में प्रधान पद के लिए कुल 14 वोट ही डाले गए। नतीजों में कांग्रेस समर्थित मैना को 8 वोट मिले, जबकि RLP प्रत्याशी मंजू को 6 वोट मिले। रोचक बात यह रही कि कांग्रेस के पास अपने 5 और भाजपा के 2 मिलाकर कुल 7 सदस्य थे, लेकिन एक कांग्रेस सदस्य मतदान नहीं कर पाया। इसके बावजूद मैना को 8 वोट मिले। ऐसे में साफ है कि RLP खेमे से भी क्रॉस वोटिंग हुई।

बाड़मेर में कांग्रेस के रतन प्रधान बने

बाड़मेर पंचायत समिति में कांग्रेस के रतन सिंह ने प्रधान पद पर जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा के राम सिंह को 1 वोट से हराया। चुनाव में कांग्रेस के रतन सिंह को 10, भाजपा के राम सिंह को 9 वोट मिले। पंचायत समिति में कांग्रेस के 9, भाजपा के 7, निर्दलीय 2 और RLP का 1 सदस्य जीता था।

▪ गुड़ामालानी पंचायत समिति में बीजेपी की विमला देवी निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुई हैं। यहां कांग्रेस उम्मीदवार केशी देवी ने नामांकन वापस ले लिया था।

▪ शिव विधायक रविंद्रसिंह भाटी ने शिव पंचायत समिति में 6 पंचायत समिति वार्ड मेंबर उतारे थे। सभी जीत गए। अब विधायक ने कांग्रेस के समर्थन से निर्दलीय दीन दयाल को निर्विरोध प्रधान बनावाया है।

▪ **जैसलमेर के भणियाणा में कांग्रेस के अब्दुल रहमान निर्विरोध जीते:** जैसलमेर जिले की भणियाणा पंचायत समिति में कांग्रेस के अब्दुल रहमान ने निर्विरोध जीत हासिल की है। यहां कुल 15 वार्डों में से कांग्रेस ने 7, अन्य ने 6 और भाजपा ने 2 वार्ड जीते थे।

▪ बांसवाड़ा की तलवाड़ा पंचायत समिति में पूर्व विधायक कांता भील की बेटी प्रज्ञा गरासिया प्रधान बनीं।

▪ सलूंबर जिले में भाजपा विधायक शांता देवी मीणा की बेटी को सेमारी पंचायत समिति में प्रधान पद के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। भाजपा प्रत्याशी प्रीति मीणा सिर्फ 4 वोट हासिल कर सकीं।

▪ जयपुर जिले की शाहपुरा पंस में कांग्रेस की संतरा निर्विरोध जीतीं

जयपुर की शाहपुरा पंचायत समिति में कांग्रेस की संतरा गुर्जर निर्विरोध प्रधान बनी हैं। संतरा गुर्जर ने वार्ड 4 से कांग्रेस के टिकट पर पहली बार पंचायत समिति मेंबर का चुनाव लड़ा और प्रधान बन गईं। प्रधान चुनाव में संतरा के सामने किसी ने नामांकन नहीं किया। संतरा के ससुर सरपंच रह चुके हैं।



सास जिला प्रमुख, बहू प्रधान



प्रमिला चौधरी
जोधपुर जिला प्रमुख



सोनिया चौधरी
पीपाड़ सिटी प्रधान

बीकानेर: पूर्व मंत्री ने बेटे को बनाया निर्विरोध प्रधान

बीकानेर की छतरगढ़ पंचायत समिति से गौरव चौहान प्रधान बने हैं। चौहान कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल के बेटे हैं। उनकी बहन 25 नवंबर को कांग्रेस से बगावत कर जिला प्रमुख का चुनाव लड़ी थीं, लेकिन हार गई थीं।

▪ **वैर में कांग्रेस की निर्विरोध जीत:** भरतपुर की वैर पंचायत से कांग्रेस की पुष्पा गुर्जर को निर्विरोध प्रधान चुना गया है। यहां कुल 19 सीटों में से कांग्रेस ने 9, भाजपा ने 3 और अन्य ने 7 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

▪ **उच्चैन पंचायत समिति में भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत:** रतपुर जिले की उच्चैन पंचायत समिति में बीजेपी की विनीता दुर्गेश बुटोलिया निर्विरोध प्रधान चुनी गईं।

▪ **चित्तौड़गढ़ के कपासन में कांग्रेस के दिनेश चंद्र बैरवा निर्विरोध जीते:** त्तौड़गढ़ जिले की कपासन पंचायत समिति में कांग्रेस के दिनेश चंद्र बैरवा निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुए हैं। यहां कुल 15 वार्डों में से 11 में कांग्रेस और 4 में भाजपा के सदस्य निर्वाचित हुए थे।

चितलवाना पंचायत समिति में कांग्रेस की कविता कंवर निर्विरोध जीतीं

जालोर जिले की चितलवाना पंचायत समिति में कांग्रेस की कविता कंवर ने निर्विरोध जीत हासिल की है। यहां 15 वार्डों में से कांग्रेस ने 13 और भाजपा ने 2 में जीत हासिल की थी।

रानी स्टेशन पंस में भाजपा के मुन्नालाल आदरा निर्विरोध जीते

पाली जिले की रानी स्टेशन पंचायत समिति में भाजपा के मुन्नालाल आदरा निर्विरोध प्रधान निर्वाचित हुए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी जवाहरलाल परिहार के दोनों नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज हो गए थे।

बीफ न्यूज

विदेश में अब वॉट्सएप से खरीदें ई-सिम



नई दिल्ली। विदेश यात्रा करने वालों के लिए वॉट्सएप जल्द ही इंटरनेशनल ट्रैवल ई-सिम खरीदने और इंस्टॉल करने की सुविधा शुरू करेगा। इससे यात्रियों को विदेश पहुंचकर स्थानीय सिम खरीदने या महंगी रोमिंग सेवाओं पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं होगी। कंपनी इस सुविधा के लिए प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही है। यिो के अलावा विदेशी ऑपरेटर जैसे स्मार्ट एक्सियाटा, स्मार्ट कम्युनिकेशन्स और वेरिज़ॉन शामिल है। फिलहाल फीचर विकास के चरण में है। इसकी कीमत, प्लान और लॉन्च देशों की जानकारी सामने नहीं आई है। जल्द ही चुनिंदा देशों में इसकी टेस्टिंग शुरू होगी। इस संबंध में वॉट्सएप ईसिम प्रोवाइडर्स और दुनिया भर के नामी टेलीकॉम ऑपरेटरों के साथ काम कर रहा है।

IPL; तीन साल बाद फिर मुंबई इंडियंस के कप्तान बने रोहित



मुंबई। रोहित शर्मा 3 साल बाद एक बार फिर मुंबई इंडियंस के कप्तान बन गए हैं। वे हार्दिक पंड्या की जगह लेंगे। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। 39 साल के रोहित 2013 से 2023 तक लगातार 11 सीजन टीम के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में मुंबई ने 5 IPL खिताब और 2013 में चैंपियंस लीग टी-20 की ट्रॉफी जीती थी। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई पिछले 3 सीजन में सिर्फ एक बार प्लेऑफ में पहुंच सकी थी। इसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें ट्रेड के जरिए पंजाब किंग्स भेज दिया और बदले में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को शामिल किया।

परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 815 करने की तैयारी

क्या दूर की नंबरों की बाधा? भाजपा ने 'मिशन 360' का टागरेट साधा

परिसीमन और महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को कैबिनेट से मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक की राह में दक्षिणी दलों का विरोध बड़ी बाधा बना था, जिसके चलते अप्रैल में सरकार दोनों बिल पारित नहीं करा सकी। सात महीने बाद कैबिनेट की मंजूरी के साथ अब दक्षिणी दलों के तेवर नरम पड़ते दिख रहे हैं और उनका रुख बदलने लगा है।

महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की सीटों में 50 फीसदी तक बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव रखा गया है। प्रस्ताव के मुताबिक लोकसभा और विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। परिसीमन को अगले 25 वर्षों तक फ्रीज रखा जाएगा। यानी सीटों की संख्या में प्रस्तावित बढ़ोतरी के बाद उन्हें वर्ष 2051 तक स्थिर रखा जाएगा। इस अवधि में परिसीमन के आधार पर सीटों की संख्या में दोबारा बदलाव नहीं किया जाएगा। इस विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद अब संसद में इसे पेश किए जाने का रास्ता साफ हो गया है।

अप्रैल में संसद के विशेष सत्र के दौरान इस विधेयक को पेश किया गया था। लेकिन जरूरी दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया था। उस विधेयक में सभी राज्यों में सीटों की संख्या 50%बढ़ाने का प्रावधान भी नहीं था। लोकसभा का चार दिवसीय विशेष सत्र 30 नवंबर से शुरू होगा जबकि राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर को होगी। मानसून सत्र 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था लेकिन इसे औपचारिक रूप से समाप्त नहीं किया गया था।

- लोकसभा विधानसभा में बढ़ेंगी 50%सीटें
- 25 साल तक परिसीमन पर रोक का प्रस्ताव



फाइल फोटो

30 नवंबर को लोकसभा, 2 दिसंबर को राज्यसभा में बिल आएगा

क्षेत्रीय दलों का रुख

1. **डीएमके:** (22 सांसद) तमिलनाडु की संसदीय हिस्सेदारी (7.18%) को सुरक्षित रखने के सांविधानिक आश्वासन पर अपना फैसला लेगी।
2. **राकांपा-एसपी:** (8 सांसद) परिसीमन विधेयक का समर्थन किया जाएगा।
3. **वाईएसआरसीपी :** 4 वोट सरकार के पाले में गिने जा सकते हैं।

अन्य छोटे दल व संभावित क्रॉस-वोटिंग: वीसीके (2), आरएलपी (1) जैसे दलों का रुख या किसी एक सांसद की क्रॉस-वोटिंग भी बहुमत का रुख मोड़ सकती है।

बिल पारित करने लोकसभा में 40 राज्यसभा में 11 सांसदों की जरूरत

लोकसभा में एनडीए के साथ 320 सांसद हैं। फिलहाल 3 लोकसभा सीटें खाली हैं। यानी लोकसभा में अधिकतम 540 सांसद बिल पर वोटिंग करेंगे। इस हिसाब से लोकसभा में बिल पास कराने के लिए दो-तिहाई के 360 के आंकड़े से एनडीए अभी 40 वोट पीछे हैं। राज्यसभा में एनडीए के साथ 151 सांसद हैं। राज्यसभा में 243 सांसद वोट करेंगे। इस हिसाब से राज्यसभा में बिल पास कराने के लिए दो-तिहाई के 162 के आंकड़े से एनडीए अभी 11 वोट पीछे हैं।

मौजूदा 543 सीटों में ही 33% आरक्षण लागू हो : कांग्रेस

शुक्रवार को हुई कांग्रेस की रणनीतिक समूह की बैठक के दौरान राहुल गांधी ने कहा 2023 में पारित महिला आरक्षण कानून को लागू करने के लिए लोकसभा सीटों का पुनर्गठन जरूरी शर्त नहीं बनाया जाए।

मां और बहन झगड़ रही थीं, बेटे ने मर्डर किया: हत्या कर खुद भी फंदे से लटका

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर



भट्टा बस्ती थाना इलाके में मां-बहन के झगड़े से परेशान युवक ने दोनों की हत्या कर दी। उसके बाद फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। घटना गुरुवार दोपहर (26 नवंबर) की है। तीनों की मौत की जानकारी शुक्रवार (27 नवंबर) सुबह करीब 8 बजे मिली। शव घर के एक ही कमरे में मिले हैं। इस कमरे की दीवार पर एक कागज चिपका मिला। जिसमें लिखा था- मेरा सुसाइड नोट मोबाइल फोन में है। इसमें बेटे ने खुद को मानसिक बीमार भी बताया है। जांच के बाद पुलिस पर शवों की बेइज्जती का भी आरोप लगा है। आरोप है कि तीनों बॉडी को पुलिस बिना एंबुलेंस के एक पिकअप में डालकर हॉस्पिटल ले गई।

एडि. डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह ने बताया- शवों की पहचान सरोज देवी (60), उनकी बेटी शिवांगी (35) और बेटे अभिषेक उर्फ लक्की (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार लक्की मां और बहन के झगड़े से परेशान था। गुरुवार को भी बहन मां के साथ झगड़ रही थी और मां के साथ मारपीट कर रही थी। इसी कारण उसने हत्या कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को लक्की के मोबाइल में मिले सुसाइड नोट में मानसिक बीमार होने की जानकारी मिली है। इसमें लिखा है कि हमारे परिवार के अंदर इस तरह की बीमारी है। कुछ सालों पहले हमने जांच करवाई थी, उसमें यह लक्षण पाए गए थे।

विधायक बालमुकुंदाचार्य के खिलाफ गलतागेट थाने में केस हुआ दर्ज

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

गलतागेट थाने में बुधवार को भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य के खिलाफ FIR दर्ज हुई। हवामहल से विधायक बालमुकुंद आचार्य पर अभद्र भाषा का यूज करने का आरोप है। गलतागेट थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विधायक के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया- ईदगाह के वन विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद याकूब खान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। 10 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 11:30 बजे जज के घर के बाहर विधायक बालमुकुंद आचार्य समर्थकों के साथ पहुंच गए। वहां ताऊजी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

2027 की पहली तिमाही में पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सीमा पर जम्मू-कश्मीर में तैनाती की है संभावना

रूस से दिसंबर महीने में भारत पहुंचेगी एस-400 की अंतिम पांचवीं स्क्वाड्रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के सीमाई क्षेत्रों से मिलती युद्ध की बड़ी चुनौती के बीच मौजूदा साल 2026 जाते-जाते भारतीय वायुसेना को सैन्य-सामरिक स्तर की कोई बहुत बड़ी सौगात देकर जाएगा। जी हां, यहां हम बात कर रहे हैं अगले दिसंबर महीने में रूस से भारत पहुंचने वाली एस-400 हवाई रक्षा प्रणाली (सुदर्शन चक्र) की अंतिम पांचवीं स्क्वाड्रन की। जिसके लिए सभी जरूरी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में भारतीय वायुसेना के एयर कमोडोर रैंक के वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय तकनीकी टीम रूस पहुंच गई है। जो नई दिल्ली को सौंपे जाने वाले इस सिस्टम की व्यापक रूप जांच-पड़ताल (प्री-डिस्पैच जांच) करने के बाद उसे



प्रमाणपत्र प्रदान करेगी। इसके बाद दिसंबर-2026 तक इसका देश आगमन होने की पूरी संभावना है। फिर अगले साल-2027 की पहली तिमाही के दौरान भारत की जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से लगी पश्चिमी-सीमा पर

2018 में भारत-रूस में हुआ समझौता

दोनों देशों के बीच वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मौजूदगी में नई दिल्ली में हुए भारत-रूस शिखर सम्मेलन के दौरान 5.43 बिलियन डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) का एक अंतर-सरकारी समझौता (आईजीए) हुआ था। जिसके तहत रूस से भारत को एस-400 सिस्टम की कुल 5 स्क्वाड्रन या यूनिट सौंपी जानी थीं। अब तक चार स्क्वाड्रन मिल चुकी हैं। जिनमें से 3 की तैनाती भारत की पाकिस्तान से लगी पश्चिमी-दक्षिण पश्चिमी सीमा के करीब पंजाब, राजस्थान और गुजरात में की जा चुकी है। जबकि चौथी स्क्वाड्रन को चीन से लगी पूर्वोत्तर की सीमा यानी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के निकट असम में तैनात किया गया है।

ऑपरेशन सिंदूर में उड़ाए पाकिस्तान के होश

गौरतलब है कि एस-400 सिस्टम लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली एक हवाई रक्षा प्रणाली है। जो 400 किलोमीटर के दायरे में दुश्मन के लड़ाकू विमानों, क्रूज मिसाइलों, जंगी ड्रोन सहित कुछ बैलिस्टिक मिसाइलों पर सटीकता से वार कर उन्हें तुरंत नेस्तनाबूद करने की क्षमता से लैस है। एक स्क्वाड्रन में दो बैटरी होती हैं। हर बैटरी में 6 से 8 लॉन्चर लगे रहते हैं, जिन पर अलग-अलग रेंज की मिसाइलें तैनात की जाती हैं। सिस्टम की एक बैटरी में 128 मिसाइलें हमले के लिए तैयार रहती हैं। इस हिसाब से पूरे सिस्टम में 256 मिसाइलों से एक साथ हमला कर दुश्मन को चारों खाने चित किया जा सकता है। एस-400 की एक खास बात ये भी है कि यह बहुत ही कम समय में सक्रिय होकर एक साथ शत्रु के कई लक्ष्यों को ढूंढकर उन्हें अपने सटीक वार से नष्ट कर सकता है।

रावण 'मैं और मेरा' में अटका रहा: राम सबके हो गए, यही अहंकार और करुणा के बीच का फर्क: भागवत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि रावण अहंकारी था, जबकि राम करुणा के प्रतीक थे। रावण मैं और मेरा से आगे नहीं जा पाया। जबकि राम सबके हो गए। यही अहंकार और करुणा के बीच का फर्क है। भागवत दिल्ली में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी की किताब 'करुणानायक राम' के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। समारोह में भूटान के शाही परिवार की राजमाता और राजकुमारी भी मौजूद थीं।



बाल विवाह रोकने के लिए अभियान बनेगा जन-आंदोलनः दीया कुमारी





2030 तक बाल विवाह मुक्त राजस्थान का लक्ष्य, जयपुर में हुआ कार्यक्रम

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान को जन-आंदोलन बनाना होगा। अब केवल भाषण नहीं, बल्कि धरातल पर कार्रवाई की जरूरत है। यह बात उप मुख्यमंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने शुक्रवार को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कही। जयपुर में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के दो साल पूरे होने पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इसे जन-आंदोलन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन भगत सिंह मेहता सभागार, HCM रीपा परिसर में किया गया।

उन्होंने कहा कि हर पंचायत, गांव और ढाणी को बाल विवाह मुक्त बनाना होगा। इस दौरान BVMR पोर्टल और जागरूकता वैन लॉन्च की गई। बाल विवाह रोकने में अहम भूमिका निभाने वाली चेंज एजेंट बालिकाओं को सम्मानित भी किया गया।

दीया कुमारी ने कहा कि यह केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों और बेटों के सम्मान, अधिकार और राजस्थान के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल से यह विषय राष्ट्रव्यापी आंदोलन बना है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की तरह ही 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान को भी सफल बनाना है। बाल विवाह दंडनीय अपराध है। कई बार सामाजिक पाबंदियों के कारण बेटियां अपनी बात नहीं कह पातीं। ऐसे में बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल करना चाहिए। यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हर व्यक्ति को इस अभियान का चैंपियन व ब्रांड एंबेसडर बनना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शादी जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। बेटियों की उम्र पढ़ने-लिखने, आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने की है। हर पंचायत, गांव और ढाणी को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। शासन सचिव पूनम ने कहा कि बाल विवाह केवल गरीबी का नहीं, बल्कि मानसिकता और आघात का विषय है। बच्चियों को कम उम्र में गृहस्थी की जिम्मेदारी देने के बजाय उन्हें डॉक्टर, शिक्षक और वैज्ञानिक बनने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2030 तक राजस्थान को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य बताया।

कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग की ओर से बाल विवाह रोकथाम के लिए बनाई गई नई कार्ययोजना की जानकारी दी गई। इसके तहत जनवरी 2026 में ग्राम विकास अधिकारियों, पटवारियों और संस्था प्रधानों को भी बाल विवाह निषेध अधिकारी (CMPO) बनाया गया है। बाल विवाह रोकने के लिए निषेधाज्ञा लेना अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही 'मिशन वात्सल्य' और 'कवच' के माध्यम से पंचायत स्तर पर संरक्षण व्यवस्था मजबूत करने की बात कही गई। BVMR पोर्टल को 'शाला दर्पण' से जोड़ने का प्रस्ताव भी रखा गया। कार्यक्रम में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर 71,842 CMPO और 42 लाख से अधिक संकल्प प्राप्त हुए हैं।

जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाई, पोर्टल लॉन्च

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वैन के माध्यम से 'बचपन बचाएंगे, बाल विवाह मिटाएंगे' का संदेश दिया जाएगा। इस अवसर पर BVMR पोर्टल और सूचना, शिक्षा एवं संचार (IEC) सामग्री का विमोचन भी किया गया। अभियान के लिए तैयार थीम गीत 'बचपन को मिले उड़ान, बाल विवाह मुक्त राजस्थान' भी जारी किया गया।

6 बाल विवाह रुकवाने वाली आयशा समेत चेंज एजेंट सम्मानितः बाल विवाह रोकने और जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाने वाले UNFPA से जुड़े चेंज एजेंट्स को सम्मानित किया गया। इनमें मनोज कुमारी, हर्षिता मेघवंशी, मयंक सिंह, अंजू, अरबिया, हर्षिता (ब्यूटीशियन), आयशा और आरुषि बैरवा शामिल हैं। आयशा ने अब तक 6 बाल विवाह रुकवाने में भूमिका निभाई है।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर की 22 में से 16 पंचायत समितियों में कांग्रेस के प्रधान बने

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर की 22 पंचायत समितियों में प्रधान चुनाव के नतीजे आ गए हैं। 22 में से 16 पंचायत समिति में कांग्रेस ने अपना प्रधान बनाया। वहीं, बीजेपी केवल 4 और RLP 2 सीट पर जीती। शाहपुरा और आंधी में कांग्रेस ने अपना निर्विरोध प्रधान बनाया। अमरसर, जालसू, मौजमाबाद, रामपुरा डाबड़ी, दूदू में किसी पार्टी के के पास बहुमत नहीं था। यहां अमरसर और रामपुरा डाबड़ी में कांग्रेस, मौजमाबाद, जालसू में बीजेपी और दूदू में आरएलपी का प्रधान बना है।

जालसू में बड़ा उलटफेरः जालसू में बीजेपी ने बड़ा उलटफेर किया है। यहां बीजेपी के 2 ही सदस्य जीते थे। लेकिन 8 वोट मिले। अमरसर से कांग्रेस की समोती देवी मीणा प्रधान बनी हैं। समोती BJP से जीती थी लेकिन प्रधान के लिए कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया था।

अपेक्स यूनिवर्सिटी में इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता का समापन

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

शतरंज की बिसात पर चालों की सटीकता, रणनीति और धैर्य का प्रदर्शन करते हुए मारवाड़ यूनिवर्सिटी, राजकोट ने वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी शतरंज (पुरुष) प्रतियोगिता 2026-27 का खिताब अपने नाम किया। अपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में पांच राज्यों के 74 विश्वविद्यालयों के करीब 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। शुक्रवार को हुए समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच मुकाबले काफी रोमांचक रहे। हर टीम ने बेहतर चालों और रणनीति के दम पर आगे बढ़ने का प्रयास किया। कड़े मुकाबलों के बाद मारवाड़ यूनिवर्सिटी, राजकोट ने पहला स्थान हासिल किया। यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई दूसरे, हैदराबाद सिंध नेशनल यूनिवर्सिटी, मुंबई तीसरे और पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा चौथे स्थान पर रही। समापन समारोह में अपेक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) रघुवीर सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए। प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि केवल अंतिम परिणाम के आधार पर ही नहीं, बल्कि शुरुआती छह राउंड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। प्रत्येक राउंड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिए गए। इससे अलग-अलग मुकाबलों में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले खिलाड़ियों को भी पहचान मिली और उनका उत्साहवर्धन हुआ।

सब-इंस्पेक्टर भर्ती पेपर लीकः दो साल से फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

एसओजी ने सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में दो साल से फरार 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपी अतुल विश्नोई उर्फ श्रीराम विश्नोई (28) निवासी श्रीराम दांतीवास गांव थाना भीनमाल जिला जालोर है। आरोपी पेपर लीक गिरोह के सरगना जगदीश विश्नोई और ओमप्रकाश ढाका गैंग का सदस्य है। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया- जांच में सामने आया कि आरोपी ने लीक प्रश्न पत्र जोधपुर के दिनेश विश्नोई को 15 लाख रुपए और सुभाष विश्नोई को 20 लाख रुपए में उपलब्ध करवाया था। जगदीश विश्नोई के हैंडलर के माध्यम से लिखित परीक्षा से पहले पेपर उपलब्ध कराया था। इसके आधार पर दोनों का सब-इंस्पेक्टर पद पर अवैध रूप से अंतिम चयन हुआ था।

खुद भी लीक पेपर से दी थी परीक्षा

जांच में सामने आया कि अतुल विश्नोई ने भी लीक हुआ प्रश्नपत्र पढ़कर 14 सितंबर 2021 को लिखित परीक्षा दी थी। उसने हिंदी विषय में 200 में से 160.98 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 160.65 अंक हासिल किए थे। हालांकि शारीरिक दक्षता परीक्षा में असफल रहने के कारण उसका अंतिम चयन नहीं हो सका। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। उसके खिलाफ 22 अप्रैल 2025 को कोर्ट से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। एसओजी ने उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। एसओजी की टीम ने कार्रवाई करते हुए 25 नवंबर को आरोपी को गिरफ्तार किया। 26 नवंबर को कोर्ट में पेश करने पर उसे 30 नवंबर तक पुलिस अभिरक्षा रिमांड पर सौंपा गया है। मामले में मुख्य आरोपी जगदीश विश्नोई के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया जा चुका है।

तीनों पंचायत समितियों में भाजपा का परचम; सरदारशहर और सरदारशहर पूर्व में क्रॉस वोटिंग ने पलटा गणित, भानीपुरा में भंवरलाल ने 1 वोट से खिलाया कमल

जूम न्यूज ▶▶| सरदारशहर

सरदारशहर क्षेत्र की तीनों पंचायत समितियों में प्रधान पद के चुनाव में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अपना बोर्ड बना लिया। सरदारशहर, सरदारशहर पूर्व और भानीपुरा में भाजपा प्रत्याशियों ने प्रधान पद पर कब्जा जमाया। दो पंचायत समितियों में कांग्रेस के दो-दो वोट भाजपा के पक्ष में क्रॉस होने से चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल गए, जबकि भानीपुरा में भाजपा ने महज एक वोट के अंतर से जीत हासिल कर कांग्रेस को झटका दिया। तीनों पंचायत समितियों के परिणामों ने सरदारशहर क्षेत्र में भाजपा की मजबूत स्थिति को दर्शाया है। सरदारशहर और सरदारशहर पूर्व में क्रॉस वोटिंग तथा भानीपुरा में एक वोट के मामूली अंतर ने चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया। तीनों पंचायत समितियों में भाजपा का प्रधान बनने के साथ ही क्षेत्र में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है।

सरदारशहर में सुमित्रा मूंड के सिर सजा प्रधान का ताज

सरदारशहर पंचायत समिति में भाजपा की सुमित्रा मूंड ने 8 वोट हासिल कर प्रधान पद पर जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रत्याशी बीरबलराम सारण को 5 और आरएलपी प्रत्याशी राधा देवी सारण को 2 वोट मिले। यहां कांग्रेस के दो वोट भाजपा के पक्ष में क्रॉस होने से भाजपा की जीत का रास्ता साफ हुआ। वहीं आरएलपी के दोनों सदस्यों ने अपने प्रत्याशी का समर्थन किया।

सरदारशहर पूर्व में रचना कंवर ने दर्ज की जीत

सरदारशहर पूर्व पंचायत समिति में भाजपा की रचना कंवर प्रधान निर्वाचित हुईं। उन्हें 13 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी ओम कंवर राजवी को केवल 2 वोट प्राप्त हुए। यहां भी कांग्रेस के दो वोट भाजपा के पक्ष में क्रॉस होने से चुनाव का पूरा गणित बदल गया और भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की।

भानीपुरा में एक वोट से खिला कमल, ओमप्रकाश जीते

भानीपुरा पंचायत समिति में प्रधान पद का चुनाव बेहद रोमांचक रहा। भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकाश मेघवाल ने 9 वोट हासिल किए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी ज्याना देवी मेघवाल को 8 वोट मिले। इस तरह भाजपा ने महज एक वोट के अंतर से जीत दर्ज कर प्रधान की कुर्सी पर कब्जा जमाया। भानीपुरा में भाजपा की जीत में भंवरलाल की भूमिका भी चर्चा में रही।

मेयर कोठारी का यू-टर्न, 2 अफसरों को फिर वही विभागः 2 के बदले जोन

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर नगर निगम में मेयर सुनील कोठारी का पहला प्रशासनिक फेरबदल 48 घंटे में ही उलट गया। मेयर ने बुधवार को 11 सीनियर अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदलकर प्रशासनिक बदलाव का संदेश दिया था, लेकिन शुक्रवार को जारी संशोधित सूची में दो अधिकारियों को फिर उन्हीं विभागों की जिम्मेदारी सौंप दी गई, जहां से उन्हें हटाया गया था।

मोनिका सोनी को उद्यान और करणी सिंह को पशु प्रबंधन शाखा का उपायुक्त फिर नियुक्त किया गया है। पहले आदेश में बदलाव का संकेत था, लेकिन संशोधित सूची ने पुरानी व्यवस्था लौटा दी। वहीं 2 अफसरों के जोन बदले गए हैं। इसके अलावा सिविल लाइंस जोन उपायुक्त को इसी जोन में रेवन्यू अधिकारी बनाया गया है।



मेयर की ओर से बुधवार को किए फेरबदल में उद्यान और पशु प्रबंधन शाखा के उपायुक्तों के कार्यक्षेत्र बदले गए थे। इन विभागों को लेकर पहले भी विवाद और शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में इन शाखाओं में बदलाव को मेयर के प्रशासनिक फैसले का अहम हिस्सा माना जा रहा था। वहीं शुक्रवार को संशोधित आदेश जारी कर मोनिका सोनी और करणी सिंह को फिर पुराने विभागों की जिम्मेदारी दे दी गई। यानी जिन अधिकारियों को बुधवार को हटाया गया। उन्हें दो दिन बाद ही वापस उन्हीं शाखाओं में तैनात कर दिया गया।

नगर निगम में अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदलना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन एक ही आदेश को 48 घंटे में संशोधित करने से फैसले की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हुए हैं। इन पदों पर 48 घंटे में किसी भी अधिकारी ने जॉइन नहीं किया था। निगम के गलियारों में अब चर्चा का विषय बन गया है। पहले आदेश से निगम में नई व्यवस्था का संदेश गया था, लेकिन संशोधित सूची ने उसी संदेश को कमजोर कर दिया। अब चर्चा अधिकारियों के तबादलों से ज्यादा इस बात की है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि मेयर को अपने ही फैसले से इतनी जल्दी पीछे हटना पड़ा। संशोधित आदेश के तहत मनोहर लाल जाट को झोटवाड़ा और वैशाली नगर जोन, निहारिका शर्मा को सिविल लाइंस जोन, गीता करनानी को किशनपोल जोन और सीमा शर्मा को हवामहल-आमेर जोन का उपायुक्त बनाया गया है। दुर्गा कुमारी को उपायुक्त मुख्यालय और संतलाल मक्कड़ को उपायुक्त एनयूएलएम और कच्ची बस्ती का कार्य सौंपा गया है।

अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाह निषेध दिवस पर छात्राओं को किया जागरूक

सरदारशहरः छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई

जूम न्यूज ▶▶| सरदारशहर

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति, सरदारशहर के तत्वावधान में दिनांक 27 नवंबर 2026 को बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरदारशहर में अंतर्राष्ट्रीय बाल विवाह निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अधिवक्ता रितेश चौहान एवं सहायक प्रेमलता चौहान रहे। कार्यक्रम में पीएलवी नेहा चौहान द्वारा लगभग 250 छात्राओं को बाल विवाह की रोकथाम, बालिकाओं के कानूनी अधिकारों एवं बाल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई।

मुख्य वक्ता अधिवक्ता रितेश चौहान ने बाल विवाह को सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह का विरोध करने तथा इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि इस पोर्टल के माध्यम से बाल विवाह से संबंधित शिकायत एवं सूचना दर्ज करवाई जा सकती है। छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाकर बाल विवाह न करने, न करवाने तथा अपने आसपास होने वाले बाल विवाह को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया।

इसके अतिरिक्त नालसा की Dawn Scheme-2025 के तहत बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, कानूनी अधिकारों, बाल संरक्षण एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जागरूक किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए छात्राओं को स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

जयपुर में जुटेंगे देश और दुनिया के वैज्ञानिकः 28 से 30 नवंबर तक सिपेट में होगा सम्मेलन

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) में 28 से 30 नवंबर तक 17वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'एपीएम-2026' का आयोजन होगा। 'एडवांस्ड पेट्रोकेमिकल मैटेरियल्स, सेफ्टी एंड सस्टेनेबिलिटी फॉर विकसित भारत-2047' थीम पर होने वाले इस सम्मेलन में पेट्रोरसायन, पॉलिमर विज्ञान, नई सामग्री, औद्योगिक सुरक्षा और पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के भविष्य पर चर्चा होगी। इसमें देश-विदेश के प्रख्यात वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, शोधकर्ता और उद्योग जगत की हस्तियां भाग लेंगी। पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित वैज्ञानिकों की मौजूदगी भी सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण रहेगी। कार्यक्रम की जानकारी सिपेट के निदेशक (टीएसएस एवं बीडी) डॉ. विशाल वर्मा, संयुक्त निदेशक एवं प्रमुख सिपेट-आईपीटी लखनऊ , विवेक कुमार और केंद्र प्रभारी सिपेट-आईपीटी जयपुर डॉ. हरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।



तीन दिवसीय सम्मेलन में देश की कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक हस्तियां अपने अनुभव और शोध साझा करेंगी। इनमें पद्म विभूषण प्रो. एमएम शर्मा, पद्म भूषण एवं पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, पद्मश्री प्रो. गणपति डी. यादव और पद्मश्री प्रो. आशुतोष शर्मा प्रमुख रूप से शामिल हैं। इनके अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और उद्योग विशेषज्ञ भी विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। सिपेट के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) शिशिर सिन्हा ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैज्ञानिक क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता, औद्योगिक उत्कृष्टता और पर्यावरणीय संतुलन की भी अहम भूमिका है। पेट्रोरसायन और पॉलिमर क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और स्वदेशी तकनीकों को प्रोत्साहित करना समय की आवश्यकता है।

PTI भर्ती में एक्सपर्ट की रिपोर्ट सार्वजनिक करेंः हाईकोर्ट

आरोप-एक्सपर्ट से जांच नहीं करवाई गई

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

हाईकोर्ट ने PTI भर्ती-2022 में विवादित सवालों की जांच के लिए गठित एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस अनूप ढंढ की अदालत ने जुबैर खान और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं को निस्तारित करते हुए यह आदेश दिए।

अदालत ने कहा कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएसबी) एक्सपर्ट की रिपोर्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करें। जिससे याचिकाकर्ताओं को यह पता लग सके कि एक्सपर्ट ने विवादित सवालों के जिन जवाबों को सही माना है, वह किस पाठ्यपुस्तक अथवा लेखक की पुस्तक को आधार मानकर तय किए गए हैं। हालांकि कोर्ट ने कहा कि बोर्ड एक्सपर्ट के नाम गोपनीय ही रखें, उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जाए। अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने साल 2022 में पीटीआई के करीब



साढ़े 5 हजार पदों पर भर्ती निकाली थी। मॉडल आंसर-की में अभ्यर्थियों ने कई सवालों को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई। जिसमें से कुछ को मानते हुए बोर्ड ने फाइनल आंसर-की जारी कर दी। वहीं अभ्यर्थियों की शेष आपत्तियों को खारिज कर दिया। जिसके बाद अभ्यर्थियों ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी।

अदालत ने 19 अप्रैल 2023 को कर्मचारी चयन बोर्ड को इन विवादित सवालों की जांच एक्सपर्ट से कराने के निर्देश दिए। लेकिन याचिकाकर्ताओं का कहना है कि बोर्ड ने बिना किसी एक्सपर्ट से जांच कराए आनन फानन में 31 मई को अंतिम परिणाम जारी कर दिया। याचिकाकर्ताओं के कहने पर भी उन्हें एक्सपर्ट की रिपोर्ट नहीं दी गई। इस पर कोर्ट ने एक्सपर्ट की रिपोर्ट सार्वजनिक करने के निर्देश दिए।

बीकानेर में कांग्रेस के 10, भाजपा के 3 प्रधानः छतरगढ़ और खाजूवाला में निर्दलीय जीते

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर जिले की 15 पंचायत समितियों के चुनाव में 10 में कांग्रेस ने अपने प्रधान बना लिए हैं। 3 पंचायत समितियों में भाजपा, जबकि दो में निर्दलीय प्रधान निर्वाचित हुए हैं। हालांकि पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल के बेटे गौरव चौहान को भी छत्तरगढ़ पंचायत समिति में निर्दलीय प्रधान चुना गया। उन्होंने कांग्रेस से टिकट मांगा था, लेकिन नहीं मिलने पर वे निर्दलीय ही मैदान में उतर गए और जीत हासिल कीं। उनके सामने कांग्रेस-भाजपा दोनों ने प्रत्याशी खड़े नहीं किए।

खाजूवाला पंचायत समिति में बहुमत के बाद भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। यहां पंचायत समिति में कांग्रेस के पास पंद्रह में से दस सदस्य थे, इसके बाद भी कांग्रेस की उम्मीदवार सुनीला पुनिया को हार का सामना करना पड़ा। वहीं निर्दलीय कलावती सींवर जीत गई। कलावती सींवर वैसे तो कांग्रेस के टिकट पर जीत कर पंचायत समिति सदस्य बनी थी। सुबह उनका निर्दलीय पर्चा दाखिल करवाया गया। जिला परिषद में कांग्रेस की बागी बनी सरीता चौहान ने भी कलावती को जीत पर बधाई देते हुए कहा कि बहुत बढ़िया किया आपने।



बज्जू में कोलायत विधायक और कांग्रेस नेता उलझे

बीकानेर के बज्जू में पंचायत समिति चुनाव के दौरान विधायक अंशुमान सिंह भाटी और कांग्रेस नेता गणपत राम सीगड़ के बीच बहस हो गई। दोनों एक दूसरे की उपस्थिति को लेकर सवाल उठा रहे थे। यहां पुलिस ने कांग्रेस नेता सीगड़ को सौ मीटर दायरे से दूर जाने के लिए बोला तो उन्होंने विधायक की उपस्थिति पर सवाल खड़ा किया। इस पर अंशुमान को गुस्सा आया और उन्होंने सीगड़ को सौ मीटर दायरे से बाहर जाने के लिए बोला। दोनों पक्ष एक दूसरे के आमने-सामने हो गए। हालांकि पुलिस ने दोनों को अलग किया।

दो बेटियों की शादी के बीच भाभी की मौतः विदाई के बाद अंतिम संस्कार

कैंसर से पीड़ित थीं

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

एक तरफ घर की दो बेटियों की शादी की खुशियां थीं। पूरा मोहल्ला रोशनी से जगमगा रहा था। घरों के बाहर मेहमानों का स्वागत हो रहा था। खुले चौक में बारातें पहुंचीं, दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर बैठे और करीब डेढ़ से दो हजार लोगों ने साथ बैठकर भोजन किया। हर तरफ हंसी, उत्साह और मंगल गीतों का माहौल था।

लेकिन इसी रात एक ऐसा घटनाक्रम हुआ, जिसने सुबह होते-होते पूरे माहौल को बदल दिया। जिस घर में बेटियों की शादी के लिए दो चंवरियां सजाई गई थीं, उसी घर की एक सदस्य ने रात करीब साढ़े दस बजे कैंसर की बीमारी से अस्पताल में दम तोड़ दिया। परिवार ने बेटियों की विदाई तक इस खबर को छिपाए रखा। सुबह जब दोनों बेटियां विदा हो गईं, तब परिवार और मोहल्ले को इस दुखद घटना की जानकारी दी गई। एक ही आंगन ने कुछ घंटों के अंतराल में शादी की खुशियां भी देखीं और अंतिम विदाई की तैयारी भी।

मामला बीकानेर के जोशीवाड़ा स्थित फूलबाई कुएं और उसके आसपास के मोहल्ले की। यहां शादी सिर्फ एक परिवार का आयोजन नहीं होती। पूरा मोहल्ला इसे अपना उत्सव मानता है। परंपरा के अनुसार बेटियों की शादी के लिए अलग से मैरिज गार्डन या भवन नहीं लिया जाता। मोहल्ले के खुले चौक में ही बारात आती है, स्टेज सजता है और पूरा आयोजन होता है। इस दौरान मोहल्ले के हर घर पर लाइटिंग की जाती है। गुरुवार को दिनेश जोशी की दो बेटियों निकिता और अंकिता की शादी थी। इस बार सजावट भी सामान्य से ज्यादा की गई थी। दिनेश पांच भाइयों में सबसे छोटा है और मोहल्ले में अपने हमउम्र लोगों में भी सबसे छोटा होने के कारण उसकी बेटियों के प्रति सभी का विशेष स्नेह था। यही वजह रही कि फूलबाई कुएं और आसपास के बीस से अधिक घर रोशनी से जगमगा उठे।

गुरुवार रात एक के बाद एक दो बारातें मोहल्ले के चौक में पहुंचीं। दोनों बारातों का जोरदार स्वागत किया गया। खुले चौक में स्टेज सजाया गया, जहां दूल्हा और दुल्हन साथ बैठे। करीब डेढ़ से दो हजार लोगों ने इसी चौक में हंसी-खुशी भोजन किया। दिनेश के घर के अंदर खुले आंगन में भी दो चंवरी सजाई गई थीं। घर के सदस्य राजस्थानी साफा पहनकर मेहमानों का स्वागत कर रहे थे। शादी की सभी रस्में सामान्य तरीके से चल रही थीं। कुछ महीनों से बीमार चल रही उनकी भाभी की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई।

ब्रीफ न्यूज

कवलीसर की रोही में आग से दो झोपड़े जलेः 30 हजार रुपए नकदी खाक



ज़ूम न्यूज ▶▶| नोखा

नोखा के कवलीसर गांव की रोही में गुरुवार शाम आग लगने से किसान किशोर सिंह राजपूत की ढाणी के दो झोपड़े जल गए। आग में 30 हजार रुपए नकद, करीब 7 क्विंटल अनाज और घरेलू सामान नष्ट हो गया। जानकारी के मुताबिक, आग लगने का कारण पता नहीं चला है। लपटें देखकर आसपास के खेतों से ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिट्टी और पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग में मोठ, बाजरी और ग्वार समेत करीब 7 क्विंटल अनाज, चारपाइयां, बिस्तर, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जल गया। घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

सीकर शहर में दो घरों से 8 लाख के गहने ले गए चोर, मामला दर्ज

ज़ूम न्यूज ▶▶| सीकर

शहर की फतेहपुर रोड स्थित एक मकान व कोतवाली फतेहपुर इलाके में एक मकान में चोरी हो गई। दोनों जगह से चोर करीब 8 लाख रुपए के गहने व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सीकर कोतवाली पुलिस के अनुसार फतेहपुर रोड निवासी मोहम्मद हाशिम परिवार के साथ शादी में गया था। चोर मकान से 35 ग्राम सोने का हार सहित चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। कोतवाली फतेहपुर इलाके के दौलताबाद वार्ड नंबर 49 में एक घर में भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में डीजल चोरी का खुलासाः दो आरोपी पकड़े

ज़ूम न्यूज ▶▶| अरजनसर

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के वाहनों से डीजल चोरी के मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी राजियासर थाना क्षेत्र के कुंभगढ़िया निवासी मोहनलाल और कानाराम हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, रेंज के नॉर्थ कैंप में 17 सितंबर की रात सेना के ट्रक का डीजल टैंक तोड़कर 130 लीटर डीजल चोरी किया गया था। इस संबंध में हवलदार रामस्वरूप ने 22 सितंबर को मामला दर्ज करवाया था। इससे पहले 7 अगस्त को पूर्वी कैंप में भी डीजल चोरी हुई थी। आर्मी इंटेलिजेंस की मदद से आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है कि वे रेंज में कैसे पहुंचते थे और वारदात में अन्य कौन शामिल हैं। कार्रवाई में एएसआई बीरबलराम सहित पुलिस टीम की भूमिका रही।

कोतवाल को हटाने का लिखित आदेश नहीं होने पर वकीलों में बढ़ा आक्रोश, पुलिस को न्यायालय में घुसने तक नहीं दिया

ज़ूम न्यूज ▶▶| सीकर

सीकर में उप जिला प्रमुख चुनाव के दौरान शहर कोतवाल सुनील जांगिड़ पर वकील के साथ अभद्रता करने के आरोप के मामले में शुक्रवार को वकीलों ने विरोध जताया। कार्य बहिष्कार कर दिया। वकीलों ने पुलिसकर्मियों को कोर्ट में प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बाद जिला कलेक्टर आशीष मोदी, पुलिस अधीक्षक संजीव नैन और जिला जज रूपा गुप्ता ने वकीलों के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की।

वार्ता के बाद सीआई सुनील जांगिड़ को थाने से हटाकर एसपी कार्यालय में उपस्थिति देने के लिखित आदेश जारी किए गए। इसके बाद मामला शांत हुआ। वकीलों की ओर से करीब दो घंटे तक यह हंगामा चला। इससे पहले वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। कोर्ट में फाइल जमा कराने आए एक पुलिसकर्मी को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। गौरतलब है कि वकील महेंद्र सामोता ने आरोप लगाया था कि शहर कोतवाल सुनील जांगिड़ ने उनके साथ बदतमीजी की थी। इसके बाद गुरुवार को वकीलों ने करीब 3.30 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया था। वहीं, शहर कोतवाल सुनील जांगिड़ का कहना था कि उन्होंने न तो अभद्रता की और न ही कुछ गलत किया। शुक्रवार को एएसपी ने कोतवाल को एसपी ऑफिस भेजने का मौखिक आदेश दिया। शुक्रवार को लिखित आदेश जारी नहीं होने पर वकीलों ने फिर से आंदोलन शुरू कर दिया। शहर कोतवाल सुनील जांगिड़ को निलंबित करने की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया गया। कार्य बहिष्कार भी रखा गया। इसके बाद एसपी ने लिखित आदेश जारी किए।



झुंझुनूं रोडवेज के मुख्य प्रबंधक गिरिराज स्वामी एपीओ

सहायक संभाग प्रबंधक लांबा संभालेंगी काम

ज़ूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) ने शुक्रवार (27 नवंबर) को झुंझुनूं आगार के मुख्य प्रबंधक गिरिराज स्वामी को प्रशासनिक कारणों से APO (पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा) किया है। उन्हें तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक कार्मिक विभाग, रोडवेज मुख्यालय जयपुर में रखा गया है।

रोडवेज मुख्यालय जयपुर की ओर से जारी आदेश के मुताबिक गिरिराज स्वामी (सहायक यांत्रिक अभियंता), जो वर्तमान में झुंझुनूं आगार के मुख्य प्रबंधक को प्रशासनिक कारणों से APO किया गया है। वहीं, सहायक संभाग प्रबंधक मुनकेश लाम्बा को अपने वर्तमान कार्य के साथ-साथ आगामी आदेशों तक झुंझुनूं आगार के मुख्य प्रबंधक का कार्य भी संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। गिरिराज स्वामी ने 15 नवंबर को झुंझुनूं रोडवेज डिपो में कर्मचारियों के एक वॉट्सएप ग्रुप को लेकर कोतवाली थाने में शिकायत दी थी। उन्होंने शिकायत में चालक अमर सिंह, चालक रणवीर सिंह और प्रबंधक (संचालन) मोनिका पर FIR दर्ज करने की मांग की थी। शिकायत में गिरिराज स्वामी ने बताया था कि इन्होंने अलग वॉट्सएप ग्रुप बनाकर मेरे खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां कीं और झूठे आरोप लगाकर कर्मचारियों को भड़काया। झुंझुनूं आगार के मुख्य प्रबंधक गिरिराज स्वामी प्रबंधक (संचालन) मोनिका के खिलाफ रोडवेज डिपो में अनियमितताओं के आरोप भी लगाए थे। मुख्यालय को भेजी रिपोर्ट में उन्होंने प्रबंधक (संचालन) मोनिका के खिलाफ चार्जशीट जारी करने की अनुशंसा की थी। आरोप लगाया था कि डीजल टैंक से लीकेज के बावजूद बस तीन दिन तक मार्ग पर चलती रही। बस संख्या 4920 में प्रतिदिन करीब 45 लीटर डीजल की अतिरिक्त खपत हुई।

श्रीगंगानगर पुलिस ने 13 साल से फरार बदमाश को पकड़ा

ज़ूम न्यूज ▶▶| श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर की कोतवाली थाना पुलिस ने शुक्रवार (27 नवंबर) को 13 साल से फरार एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दो थानों में चोरी और धोखाधड़ी के 5 मामले दर्ज हैं। आरोपी पर 15 हजार का इनाम भी रखा गया था।

जानकारी के मुताबिक- पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे इनामी बदमाश सुनील कुमार को गिरफ्तार किया। सुनील हरियाणा के नारनोल के राजथल का रहने वाला है। एसपी हरीशंकर ने बताया- सुनील के खिलाफ रायसिंहनगर और अनूपगढ़ थाने में चोरी-धोखाधड़ी को लेकर वर्ष 2013 के 5 केस दर्ज हैं। इन्हीं मामलों में आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी को रायसिंहनगर थाने के एक मामले में जारी स्थायी वारंट के तहत गिरफ्तार किया है। अभियान के तहत आरोपी को पकड़ा गया है। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

अनियंत्रित पिकअप पोल तोड़कर दीवार में घुसीः खेतड़ी में बिजली सप्लाई ठप

ज़ूम न्यूज ▶▶| खेतड़ी



खेतड़ी कस्बे के बस स्टैंड के पास देर रात को डंपर को ओवरटेक करते समय एक पिकअप गाड़ी ने संतुलन खो दिया। इस दौरान पिकअप गाड़ी बिजली का पोल तोड़कर दिवार में घुस गई। बिजली का पोल टूटने से कस्बे में बिजली सप्लाई बंद हो गई जो सुबह तक बहाल नहीं हो सकी।

पिकअप ड्राइवर चिरानी निवासी अजय कुमार ने बताया कि वह रात करीब 11 से पपुरना से अपने गांव जा रहा था। जब खेतड़ी बस स्टैंड के पास पंहुचा तो आगे चल रहे डंपर को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान सामने से दुसरी गाड़ी आने से पिकअप गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होने पर उसने सड़क से नीचे उतारने का प्रयास किया तो गाड़ी बिजली का पोल तोड़कर दिवार में घुस गई। इस दौरान गाड़ी ड्राइवर बाल बाल बच गया। गनीमत रही की बिजली के पोल के पास पुराना कुआं भी है, लेकिन कुए के ऊपर जाल लगा होने से गाड़ी मुंदेर को तोड़ती हुई दिवार से टकरा गई। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे के दौरान बिजली का पोल टूट जाने से कस्बे में बिजली सप्लाई ठप हो गई। बिजली सप्लाई ठप होने से पूरी रात कस्बे में बिजली बहाल नहीं हो पाई, जिसको लेकर ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। ग्रामीण दिनेश कुमार ने बताया कि एक बिजली का पोल टूट जाने से पूरे कस्बे की बिजली गुल हो गई, जो सुबह तक बहाल नहीं की गई है। बिजली विभाग को कस्बे की बिजली सप्लाई के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहिए। हादसे के दौरान पिकअप गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना पर खेतड़ी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। फिलहाल पिकअप को सड़क से हटाकर बिजली सप्लाई दुरस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कचरा डालने से रोका, टैंकर से पानी भरकर ला रही महिला पर पड़ोसी ने हथौड़े से 17 वार किए, सिर फटा

ज़ूम न्यूज ▶▶| अलवर





खैरथल-तिजारा में पड़ोसी युवक ने महिला पर 17 बार हमला कर दिया। महिला टैंकर से पानी लेकर घर लौट रही थी। युवक ने पीछे से सिर पर हथौड़े से पहले दो वार किए। सड़क पर गिरने के बाद आरोपी रविंद्र उर्फ लक्की ने लगातार 15 वार किए जिससे महिला विमला (45) का सिर फट गया। पड़ोसी महिला ने हमलावर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह ताबड़तोड़ वार करता रहा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

घायल महिला को खैरथल अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित महिला ने पड़ोसियों को कचरा डालने से मना किया था जिससे वे रंजिश रखने लगे थे। घटना 26 नवंबर (गुरुवार) शाम करीब 5 बजे खैरथल के वार्ड संख्या 43 स्थित हनुमान पहाड़ी रोड स्थित विमला कॉलोनी की है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

खैरथल एसएचओ रामकिशन यादव ने बताया कि शुक्रवार सुबह पीड़ित महिला के बेटे ने थाने में शिकायत दी है। उसने सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपे हैं, जिनके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

पहले भी घर में घुसकर की थी मारपीट

राम ने बताया कि उसकी मां शाम को टैंकर से पानी लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान पड़ोसी रविंद्र उर्फ लक्की ने हथौड़े से हमला कर दिया। बेटे का आरोप है कि करीब एक महीने पहले भी रविंद्र, उसके बेटे और बेटी ने घर में घुसकर परिवार के साथ मारपीट की थी। उस समय भी थाने में रिपोर्ट दी गई थी। राम ने बताया कि उनका परिवार विमला कॉलोनी में रहता है। पड़ोसी परिवार करीब सात साल पहले दिल्ली से आकर यहां रहने लगा था। शुरुआत में घर के पास कचरा डालने को लेकर विवाद हुआ था।उसकी मां ने पड़ोसियों को कचरा डालने से मना किया तो वे रंजिश रखने लगे।

श्रीगंगानगर में 1 से 3 दिसंबर तक होंगे सीईटी एग्जाम

ज़ूम न्यूज ▶▶| श्रीगंगानगर

समान पात्रता परीक्षा (सीईटी)-2026 के प्रश्न पत्र शुक्रवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच जिला कोष कार्यालय में रखवाए गए। प्रश्न पत्रों को कंटेनर से निकालने की प्रक्रिया वीडियोग्राफी के बीच पूरी की गई। श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर 1 से 3 दिसंबर तक तीन दिन परीक्षा आयोजित होगी। इसमें प्रत्येक पारी में 11,036 अभ्यर्थियों के हिसाब से कुल 66,216 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय पर कुल 47 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 26 केंद्रों पर 1,604 और 21 निजी केंद्रों पर 9,432 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। पहली पारी सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगी।

विजय रैली के दौरान विधायक सैनी की गाड़ी में लगी आग



ज़ूम न्यूज ▶▶| जाखल (नवलगढ़)

गुढ़ागौड़जी कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड पर शुक्रवार को उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी की गाड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गाड़ी आग की लपटों में घिर गई और पूरी तरह जल गई। घटना के समय विधायक गाड़ी में मौजूद नहीं थे। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार गुढ़ागौड़जी पंचायत समिति में कांग्रेस प्रत्याशी मंजू देवी के प्रधान निर्वाचित होने के बाद विजय रैली निकाली जा रही थी। रैली में शामिल विधायक की गाड़ी बस स्टैंड के पास आग की चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों ने पानी के टैंकर की मदद से करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड आग बुझने के बाद मौके पर पहुंचा। घटना से बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात प्रभावित हुआ।

सरदारशहर में 52 ऊंटगाड़ियों पर निकली बारात, दूल्हा हाथी पर सवार हुआ



ज़ूम न्यूज ▶▶| सरदारशहर। विधायक अनिल शर्मा के छोटे भाई केशरी शर्मा के बेटे कार्तिक की शादी पर बारात पुराने तरीके से ऊंट गाड़ियों पर निकाली गई। दूल्हा कार्तिक हाथी पर सवार था, जबकि विधायक शर्मा व केशरी शर्मा सहित अन्य बाराती ऊंट गाड़ियों पर सवार थे। बारात में 52 ऊंटगाड़ी शामिल थीं। बारात बैंडबाजे के साथ मुख्य बाजार, घंटाघर व गांधी चौक होते हुए करीब साढ़े 3 किमी दूर बीकानेर रोड स्थित वैदिक रिसोर्ट विवाह स्थल पहुंची, जहां शादी की अन्य रस्में पूरी की गईं। इस अनोखी बारात को देखने के लिए शहर के लोगों की बाजारों में भीड़ रही।

ब्रीफ न्यूज

नवोदय स्कूल : प्रवेश परीक्षा आज, 23 केंद्रों पर 4507 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

ज़ूम न्यूज ▶▶| बिलाड़ा

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा-2027 का आयोजन शनिवार को होगा। जोधपुर और फलोदी जिले में परीक्षा के लिए कुल 23 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 4507 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें 1730 छात्राएं और 2777 छात्र हैं। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तिलवासनी की प्राचार्या ममता मूंदड़ा ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जोधपुर जिले में 16 तथा फलोदी जिले में 7 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को सुबह 10 बजे तक अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। अभिभावकों से बच्चों को समय पर केंद्र पहुंचाने तथा प्रवेश-पत्र पर अंकित केंद्र का पता और दिशा-निर्देश पहले से जांचने की अपील की गई है। परीक्षार्थियों को प्रवेश-पत्र के साथ आधार कार्ड अथवा अन्य फोटोयुक्त पहचान-पत्र लाना होगा। प्रवेश-पत्र नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https://cbseitms.rci l.gov.in/nvs से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

बाड़मेर जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में योजनाओं की प्रगति समीक्षा

ज़ूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने की। बैठक में जिले में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था सुधारने को कहा। मरीजों को समय पर जरूरी सुविधाएं देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम राहत पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटना के प्रकरण इस पोर्टल पर दर्ज कराने को कहा। आईपीडी और ओपीडी पंजीकरण के निर्देश दिए। टीबी में लक्ष्य के अनुरूप सैंपलिंग कराने को कहा। कैंसर और हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग के निर्देश दिए। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 4.0 के पोस्टर का विमोचन किया गया। मौसमी बीमारियों पर चर्चा के दौरान चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

बनाड़ थाना क्षेत्र स्थित थबूकड़ा में बोलेरो की टक्कर से बाइकसवार मनोहर लाल की मौत हो गई। मृतक के भतीजे महेंद्र सोनी की रिपोर्ट पर बनाड़ थाना पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच एएसआई रामकिशोर को सौंपी है। रिपोर्ट में बताया कि 25 नवंबर को बोलेरो (आरजे-19-यूडी-5934) के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मनोहरलाल की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

सुरेंद्र सिंह राठौड़ बने हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन अध्यक्ष

गोकुलेश बोहरा को 922 वोट से हराया, 8 वकीलों के बीच था मुकाबला

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के उपचुनाव में सुरेंद्र सिंह राठौड़ (गागुड़ा) ने जीत दर्ज की है। गागुड़ा ने बोहरा को 922 वोट से हराया। गागुड़ा को 1379 वोट मिले। वहीं गोकुलेश को 457 वोट मिले। 3894 वोटर में से 2522 मतदाता वकीलों ने वोट डाला था।

मतदान सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हेरिटेज हाईकोर्ट परिसर और हाईकोर्ट के नए भवन में निर्धारित केंद्रों पर हुआ। चुनाव अधिकार मालम सिंह राठौड़ के अनुसार, दोपहर 1 बजे तक करीब 1150 वकील अपने मताधिकार का उपयोग किया। वहीं शाम 4 बजे तक यह आंकड़ा 2370 पहुंच गया। वहीं 5 बजे तक 2522 अधिवक्ताओं ने वोट डाले।

मुख्य चुनाव अधिकारी अर्जुनराम चौधरी ने बताया कि हेरिटेज हाईकोर्ट परिसर में चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बूथ संख्या 1 पर महिला अधिवक्ता मतदान किया। बूथ संख्या 2 में वर्ष 2001 तक पंजीकृत मतदाता, बूथ संख्या 3 में वर्ष 2002 से 2015 तक तथा बूथ संख्या 4 में वर्ष 2016 से 2025 तक पंजीकृत सदस्यों ने मतदान भाग लिया। झालामंड स्थित हाईकोर्ट परिसर में अधिवक्ता चैंबर्स की तीसरी मंजिल पर एसोसिएशन के पुस्तकालय भवन में पांचवां बूथ बनाया गया , जहां 69 सदस्य मतदान के लिए रजिस्ट्रड थे। अध्यक्ष पद के लिए अनिल गौड़, गोकुलेश बोहरा, सुरेंद्र सिंह राठौड़, कुलदीपसिंह राठौड़, महेंद्र पुरी गोस्वामी, मनीष पुरोहित, पुष्पेंद्रसिंह चौहान और मगाराम डेलू सहित आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। कुल 3894 पंजीकृत अधिवक्ता मतदान के योग्य थे।

एसोसिएशन अध्यक्ष रणजीत जोशी के बार काउंसिल सदस्य निर्वाचित होने के बाद एक साथ दो पदों पर कार्यरत नहीं रहने के नियम के तहत उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। इसी कारण अध्यक्ष पद के लिए उपचुनाव कराया जा रहा है। वर्ष 2025 के एसोसिएशन चुनाव की मतदाता सूची में शामिल सदस्य वकील ही मतदान कर सकेंगे।



लंदन टूर का झांसा देकर लॉटरी नहीं निकाली, जुर्माना लगाया

15 हजार की खरीदारी पर किया था वादा; आयोग ने माना भ्रामक विज्ञापन

ज़ूम न्यूज ▶▶| जैसलमेर

जैसलमेर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक कंपनी को भ्रामक विज्ञापन दिखाने और गलत व्यापार व्यवहार का दोषी माना है। आयोग ने शुक्रवार (27 नवंबर) को महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कंपनी पर शिकायतकर्ता को 25 हजार रुपए हर्जाना देने और देने और इतनी ही राशि राज्य उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा कराने के आदेश दिए हैं।

जोधपुर के सिटीवाइब्स कंपनी ने 15 हजार रुपए से ज्यादा की खरीदारी करने पर दो लोगों को लंदन घूमने भेजने का वादा किया था। साथ ही 1000 ग्राहकों को विशेष पुरस्कार देने की बात कही थी। विज्ञापन से प्रभावित होकर जैसलमेर के नितेश जोशी ने सिटीवाइब्स से 16,900 रुपए का सामान खरीद लिया। जब लॉटरी के नतीजे बताने की बारी आई तो कंपनी कोई ठोस जानकारी नहीं दी। नितेश ने लॉटरी के बारे में जानकारी मांगी तो कंपनी ने सिर्फ इतना कहकर जवाब दिया कि उनका नंबर नहीं आया। इसके बाद नितेश ने जैसलमेर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में शिकायत की।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष व पीठासीन अधिकारी पवन कुमार ओझा और सदस्य मनोहर सिंह रावत ने नितेश जोशी की शिकायत पर यह फैसला सुनाया। आयोग ने कहा- ग्राहकों को ज्यादा खरीदारी के लिए बड़े इनाम का लालच देना और फिर योजना के बारे में सही जानकारी नहीं देना भ्रामक विज्ञापन और गलत व्यापार व्यवहार है। नितेश ने आयोग में शिकायत देकर बताया कि सिटीवाइब्स जोधपुर की ओर से विज्ञापन दिया गया था कि 15 हजार रुपए से अधिक की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को लॉटरी में शामिल किया जाएगा। दो लोगों के लिए लंदन यात्रा पहला इनाम और 1000 ग्राहकों के लिए विशेष पुरस्कार देने की बात कही थी।

विदेशी शराब तस्करी का खुलासा, मकान से 75 बोतलें जब्त की

ज़ूम न्यूज ▶▶| आबूरोड

गुजरात में शराब तस्करी के लिए आबूरोड को ट्रांजिट रूट के रूप में इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार रात गांधी नगर कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान पर दबिश देकर विदेशी शराब की 75 बोतलें जब्त कीं। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख बताई गई है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

आबकारी अधिकारी गजेंद्रसिंह ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री, संग्रहण, परिवहन और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत टीम को मकान में विदेशी शराब का स्टॉक होने की सूचना मिली थी। इस पर सहायक आबकारी अधिकारी जगदीश राम बिश्नोई के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस ने दिनेश कुमार पुत्र गोपालराम यादव को गिरफ्तार किया।

पाली: पुजारी की बेटी की शादी में पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज ने मायरा भरा

ज़ूम न्यूज ▶▶| पाली



कहते हैं कि जो निस्वार्थ भाव से ठाकुरजी की सेवा में रम जाता है, उसके परिवार की चिंता स्वयं प्रभु किसी न किसी रूप में दूर कर ही देते हैं। आस्था, सेवा और सामाजिक समरसता की ऐसी ही एक जीवंत मिसाल पाली जिले के भीमालिया गांव में देखने को मिली। यहां चारभुजा मंदिर के पुजारी की बेटी के हाथ पीले करने के लिए पूरा पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज एक परिवार बनकर खड़ा हो गया।

समाजबंधुओं ने पुजारी की बेटी को अपनी बेटी मानकर 26 नवंबर को पूरे रीति-रिवाज और धूमधाम से उसका विवाह करवाया। भीमालिया स्थित चारभुजा मंदिर में पुजारी प्रवीणदास वर्ष 2017 से सेवा-पूजा कर रहे हैं। तीन संतानों में सबसे बड़ी बेटी ललिता उर्फ स्नेह का रिश्ता तय हुआ, तो साधारण आर्थिक स्थिति वाले पुजारी के सामने विवाह के खर्च की चिंता थी। गत 10 सितंबर को भीमालिया मेले के दौरान पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज की बैठक में यह विषय रखा गया। बैठक में ही अनेक भामाशाहों और समाजबंधुओं ने सहयोग राशि की घोषणा कर दी। बेटी की डोली धूमधाम से विदा होने पर पुजारी प्रवीणदास की आंखें कृतज्ञता से छलक उठीं। समाजबंधुओं का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि समाज ने जिस आत्मीयता और अपनेपन से बेटी का कन्यादान और विवाह संपन्न करवाया, उससे एक पिता के मन का सारा बोझ उतर गया। समाज के संजय डाबी डायलाना कलां, विनोद परमार इटन्दरा मेड़तियान, कालूराम परमार कोसेवाल, ताराचंद परमार खीमेल ने जिम्मेदारी ली। टीम ने समाजबंधुओं से सहयोग राशि एकत्रित कर विवाह की हर छोटी-बड़ी व्यवस्था संभाली। बेटी ललिता को उसकी अपनी पसंद के वैवाहिक परिधान दिलवाए गए और बरात के स्वागत से लेकर फेरे तक की संपूर्ण व्यवस्था समाज ने की। विदाई के समय समाज की ओर से नवदंपती की नई गृहस्थी के लिए पलंग, अलमारी, मिक्सर ग्राइंडर सहित आवश्यक घरेलू उपहार भी भेंट किए गए।

अपंजीकृत संघर्ष समितियों की रिट याचिकाओं पर पूर्णपीठ का निर्णय: संगठन के पंजीकृत नहीं होने मात्र से याचिका खारिज नहीं हो सकती

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट के इतिहास में संविधान दिवस का दिन एक अहम न्यायिक पड़ाव के रूप में दर्ज हो गया है। पांच न्यायाधीशों की पूर्णपीठ ने 'जैसलमेर जिला किसान संघर्ष समिति, जैसलमेर बनाम राज्य राजस्थान एवं अन्य मामले में अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। हाईकोर्ट के 72 वर्षों के इतिहास में पांच न्यायाधीशों की पूर्णपीठ द्वारा दिया गया यह दूसरा निर्णय है। मुख्य न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस मुन्नूरी लक्ष्मण, जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा, जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू और जस्टिस बिपिन गुप्ता शामिल रहे।

इस प्रकरण की पृष्ठभूमि वर्ष 1995 के आरएसईबी अकाउंट एसोसिएशन मामले से जुड़ी है। उस समय पूर्णपीठ के समक्ष एक सीमित विधिक प्रश्न भेजा गया था, लेकिन निर्णय में अपंजीकृत संगठन के अनुच्छेद 226 के तहत रिट याचिका दायर करने की क्षमता और मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन पर व्यापक टिप्पणियां की गई थीं। तब यह माना गया था कि अपंजीकृत संगठन के अपने मौलिक अधिकार नहीं होते और ऐसे संगठनों के लिए कुछ शर्तें तय की गई थीं। इस दृष्टिकोण पर संदेह जताते हुए खंडपीठ ने 20 दिसंबर, 1999 को मामला बड़ी पीठ के पास भेजा। इसके साथ तीन प्रमुख विधिक प्रश्न सामने आए। क्या संदर्भित पीठ अपने समक्ष भेजे गए प्रश्नों से आगे बढ़कर निर्णय दे सकती है, क्या अपंजीकृत संगठन यह याचिका दायर कर सकता है, और क्या उसके सदस्यों के मौलिक अधिकारों के संरक्षण की मांग भी नहीं की जा सकती। इन प्रश्नों के निस्तारण के लिए 15 सितंबर, 2026 को पांच न्यायाधीशों की पूर्णपीठ गठित की गई। पूर्णपीठ ने स्पष्ट किया कि किसी संगठन या संघर्ष समिति का पंजीकृत न होना मात्र इस आधार पर उसकी रिट याचिका को खारिज करने का कारण नहीं बन सकता। न्यायालय को यह देखना होगा कि किसके अधिकारों के संरक्षण की मांग है, शिकायत की प्रकृति क्या है, याचिकाकर्ताओं की वैधानिक क्षमता क्या है और कार्यवाही सद्भावना से की गई है या नहीं। वर्ष 1995 के निर्णय की शर्तों (सी), (डी) और (एफ) को लेकर पीठ ने कहा कि इन्हें कठोर व अनिवार्य पूर्वशर्तों के रूप में यांत्रिक ढंग से लागू नहीं किया जा सकता। पीठ ने संगठन के अपने मौलिक अधिकारों और सदस्यों के मौलिक अधिकारों के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि संगठन के स्वयं के मौलिक अधिकार न होने का अर्थ यह नहीं है कि वह सदस्यों के अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रतिनिधिक कार्यवाही नहीं कर सकता, अपंजीकृत स्थिति में पदाधिकारियों को सह-याचिकाकर्ता या प्रतिनिधि बनाया जा सकता है। साथ ही, बड़ी पीठ को अपने निर्णय संदर्भित प्रश्नों तक ही सीमित रखने का सिद्धांत भी स्पष्ट किया गया। पूर्णपीठ ने विधिक प्रश्नों का उत्तर देते हुए मूल याचिका को शेष मुद्दों पर सुनवाई और निर्णय के लिए सक्षम पीठ के समक्ष रखने का निर्देश दिया है, जबकि गुण-दोष पर फैसला अभी बाकी है।

तीन प्रमुख विधिक प्रश्नों पर होना था विचार

1. क्या संदर्भित पीठ अपने समक्ष भेजे गए प्रश्नों से आगे बढ़कर निर्णय दे सकती है।
2. क्या अपंजीकृत संगठन अनुच्छेद 226 के तहत याचिका दायर कर सकता है।
3. क्या संगठन के स्वयं के मौलिक अधिकार न होने से उसके सदस्यों के मौलिक अधिकारों के संरक्षण की मांग भी नहीं की जा सकती।

पांच न्यायाधीशों की पूर्णपीठ की राय

पूर्णपीठ ने विधिक प्रश्नों पर राय दी, गुण-दोष पर फैसला बाकी, शेष मुद्दों पर सुनवाई व निर्णय के लिए मूल याचिका सक्षम पीठ के समक्ष रखने के निर्देश दिए।

रेवदर; ऑल इंडिया ओपन कबड्डी टूर्नामेंट सीजन-3 का समापन

ज़ूम न्यूज ▶▶| रेवदर

रेवदर में आयोजित 'ऑल इंडिया ओपन कबड्डी टूर्नामेंट सीजन-3' का रोमांचक मुकाबलों के साथ शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। इस महाकुंभ में देशभर से आई कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया और अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का आयोजन उड़ान क्लब द्वारा किया गया।

आयोजन समिति के महेंद्र भाट ने बताया- टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मेजबान उड़ान क्लब रेवदर और श्री राम क्लब उदयपुर के बीच खेला गया। कड़े और रोमांचक संघर्ष के बाद श्री राम क्लब उदयपुर की टीम ने शानदार जीत दर्ज करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि उड़ान क्लब रेवदर को उपविजेता के रूप में संतोष करना पड़ा।

मृत बछड़े से टकराकर कार खाई में पलटी, दो गंभीर घायल



ज़ूम न्यूज ▶▶| पोखरण

पोकरण के जोधपुर-जैसलमेर बाईपास पर आशापुरा मंदिर के पीछे शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे कार हादसे का शिकार हो गई। सड़क पर पड़े गाय के मृत बछड़े से टकराने के बाद चालक ने कार से संतुलन खो दिया। कार रेलिंग से टकराकर खाई में पलट गई। कार में गुजरात के पांच लोग सवार थे। वे जैसलमेर जा रहे थे। हादसे में श्रवण (23) गंभीर रूप से घायल हुआ। उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। रेलिंग से टकराने के दौरान कार का पिछला गेट खुल गया, जिससे एक अन्य सवार को भी गंभीर चोट आई। बाकी तीन लोगों को मामूली खरोंचें आईं। एक घायल को जोधपुर रेफर किया सूचना मिलने पर रामदेवरा से 108 एंबुलेंस के पायलट मुकेश सेन और ईएमटी अजय शर्मा मौके पर पहुंचे। वे सभी घायलों को पोकरण जिला अस्पताल ले गए।

पूर्व सीजेआई गवई ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, कॉलेजियम पर उठाए सवाल

एक समुदाय को ही मिल रही तरजीह.... एससी-एसटी ओबीसी और अन्य अगड़ी जातियों के उम्मीदवारों को नजरअंदाज किया जा रहा

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की कार्यप्रणाली में राष्ट्रपति से दखल देने का आग्रह किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेजियम की हालिया सिफारिशों में केवल एक समुदाय को तरजीह दी जा रही है। न्यायमूर्ति गवई ने राष्ट्रपति से कॉलेजियम की हालिया सिफारिशों में दखल देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में संसद के आंकड़ों का भी हवाला दिया है। यह पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को भी भेजा गया है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कॉलेजियम को प्राथमिकता मिलने का मतलब यह नहीं है कि वह जवाबदेही से मुक्त हो गया है।

प्रधानमंत्री कानून मंत्री को भी लिखा पत्र

इस दौरान उन्होंने संसद के आंकड़ों का भी हवाला दिया



पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई

कई वर्गों को नहीं मिल रहा प्रतिनिधित्व

न्यायमूर्ति गवई ने आरोप लगाया कि कॉलेजियम की हालिया सिफारिशों में एक ही समुदाय को फायदा पहुंचाया जा रहा है। एससी-एसटी अल्पसंख्यक, महिलाओं और अन्य अगड़ी जातियों के उम्मीदवारों को नजरअंदाज किया जा रहा है।उन्होंने संसद के आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा, 2018 से अब तक उच्च न्यायालयों में नियुक्त किए गए 715 न्यायाधीशों में केवल 22 अनुसूचित जाति, 16 अनुसूचित जनजाति, 89 अन्य पिछड़ा वर्ग और 37 अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। 4 में से 3 न्यायाधीश सामान्य वर्ग से हैं।

'अब माफ नहीं की जा सकने वाली स्थिति' बताया

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि जनवरी 2021 से जनवरी 2026 के बीच करीब 80 फीसदी नियुक्तियां अगड़े समुदायों से हुईं। अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 फीसदी से भी कम हिस्सेदारी मिली।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 5 फीसदी से कम आबादी वाला एक समुदाय सुप्रीम कोर्ट की 40 फीसदी से अधिक सीटों पर काबिज है। उन्होंने इस स्थिति को 'लगातार बढ़ती और अब माफ नहीं की जा सकने वाली स्थिति' बताया।

तबादलों का भी मुद्दा उठाया

योग्य न्यायाधीशों को वहां से हटा दिया जा रहा

न्यायमूर्ति गवई ने न्यायाधीशों के तबादलों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि छोटे उच्च न्यायालयों में भेजे गए मुख्य न्यायाधीशों को अब एक प्रमुख उच्च न्यायालय के लिए सिफारिश की जा रही है, जबकि योग्य मुख्य न्यायाधीश को रास्ता बनाने के लिए वहां से हटा दिया गया।

इस विफलता में हम सभी जिम्मेदार

न्यायमूर्ति गवई ने माना कि इन फैसलों के समय वे खुद भी कॉलेजियम का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि इस विफलता में हम सभी की कुछ न कुछ जिम्मेदारी है। हालांकि, उन्होंने इसके पीछे की वजह बताने से इनकार किया। उन्होंने इसके लिए उचित प्रक्रिया और मर्यादा का हवाला दिया।

खबर संक्षेप

गोवा विवि छात्र परिषद में एबीवीपी का डंका

पणजी। गोवा यूनिवर्सिटी में छात्र परिषद चुनाव के नतीजों ने इस बार एबीवीपी ने एकतरफा जीत हासिल की है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए हुए चुनाव में संगठन ने सभी 9 सीटों पर कब्जा किया है। अध्यक्ष और सचिव से लेकर महिला सदस्य और कार्यकारी सदस्यों तक हर पद पर एबीवीपी के उम्मीदवारों को जीत मिली है। किसी अन्य को कोई सीट नहीं मिली।



बेंगलुरु में नर्सिंग ग्रेजुएट की चाकू से हत्या

बेंगलुरु। यहां के कॉटनपेट इलाके में एक लॉज के अंदर शुक्रवार सुबह केरल की 22 वर्षीय नर्सिंग ग्रेजुएट की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि एक तीखी बहस के बाद उसके ही एक पुराने पुरुष दोस्त ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक की पहचान केरलम के अडूर जिले के अनिल कुमार की बेटी गंगा के रूप में हुई है। नौकरी की तलाश में गुरुवार को आई थी।



बाल विवाह के खिलाफ मंत्री ने निकाला मार्च

नई दिल्ली। बाल विवाह उन्मूलन दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने महिलाओं, किशोरियों और स्थानीय लोगों के साथ जागरूकता मार्च निकाला। कार्यक्रम में करीब 2,000 लोगों ने हिस्सा लिया और 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया। मंत्री ने लोगों से कुरीति कोकने अपील की।



विजय की पार्टी का विधायक गिरफ्तार

चेन्नई। कई दिनों के हंगामे के बाद टीवीके विधायक अरुल विग्नेश को शुक्रवार देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विग्नेश पर आरोप है कि उन्होंने एक महिला आईएएस अधिकारी को अश्लील मैसेज भेजा था। इसके लिए बीते कई दिनों से विपक्षी पार्टियों की महिला कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रही थीं। डीएमके और भाजपा ने प्रदर्शन किया था।



पुलिस की पिटाई से हॉकी खिलाड़ी की मौत

फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर क्षेत्र के गांव माछीवाड़ा निवासी 19 वर्षीय हॉकी खिलाड़ी जशनदीप सिंह की मौत के मामले में पुलिस पर मारपीट के गंभीर आरोप लगे हैं। परिजनों का आरोप है कि थाना कुलगढ़ी पुलिस जशनदीप को जबरन घर से उठाकर ले गई और उसके साथ मारपीट की, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और बाद में उसकी मौत हो गई।



सरकार ने बुलाया 4 दिन का विशेष संसद सत्र, मंत्री रिजिजू बोले

महत्वपूर्ण बिल या बिजनेस लाने के लिए सरकार बुला रही खास सत्र, सार्थक चर्चा की जाएगी

सभी राजनीतिक दलों से अपील की, इसे स्थापित परंपरा बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखा है। सरकार ने संसद का 4 दिवसीय विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को पत्र भेजा गया है। 30 नवंबर और 1 दिसंबर को लोकसभा में अहम सरकारी कार्यकाज रखा जाएगा। इसके बाद वही कार्य 2 और 3 दिसंबर को राज्यसभा में लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों से भी अपील की है और मैंने प्रमुख दलों के नेताओं से बात की है। कुछ सांसदों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार नियमों के अनुसार काम नहीं कर रही है। ऐसे हल्के बयान नहीं दिए जाने चाहिए, क्योंकि जब भी कोई महत्वपूर्ण बिल या बिजनेस लाया जाना होता है, सरकार सत्र बुला सकती है। यह स्थापित परंपरा रही है। मैं सभी दलों के नेताओं और सांसदों से अनुरोध करता हूं बिलों पर अच्छी चर्चा होनी चाहिए। सार्थक बहस होनी चाहिए।

इसमें कुछ नया नहीं



रिजिजू ने कहा कि अतीत में नहीं जाना चाहता, लेकिन पहले भी ऐसे उदाहरण रहे हैं जब पिछले सत्र को स्थगित किए बिना एक के बाद एक सत्र बुलाया गया। यह लोकतंत्र है, संसदीय लोकतंत्र है। जब भी कोई महत्वपूर्ण बिल या देश के लिए कोई काम करना होता है, सरकार संसद का सत्र बुलाती है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। जब सरकार विशेष सत्र बुलाती है, तो इसका मतलब है कि कुछ विशेष काम किया जाना है। अहम बिल और मामले उठाए जाते हैं।

संसद अच्छी तरह चले, यह सभी की जिम्मेदारी

आप सहमत हैं या सहमत नहीं हैं, यह विषय अलग है। लोकतंत्र में आप सरकार से सहमत भी हो सकते हैं और सरकार के काम के विरोध में भी बोल सकते हैं। लेकिन सत्र चलना चाहिए। देश सुनता है, देश के लोग भविष्य में इसे याद रखेंगे कि कैसे हम सदन के अंदर बोल रहे हैं। संसद अच्छी तरह से चले, इसकी जिम्मेदारी सभी सांसदों की है। अभी मैं आपको इतना सूचित करता हूं कि अहम कार्य लेकर आ रहे हैं। सभी सांसदों को मिलकर इसमें अच्छी भागीदारी करनी चाहिए।

कांग्रेस के वेणुगोपाल बोले

प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री बड़ा जाल बिछाना चाह रहे



परिसीमन विधेयक पेश किए जाने की अटकलों पर, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह भारत के लोगों के खिलाफ एक बड़ा जाल बिछाना चाहते हैं।

सपा के प्रमुख अखिलेश बोले

यह सरकार की सबसे बड़ी भूल



सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने विधेयक को लेकर सत्ताधारी बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि यह पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक गलती साबित होगी। अखिलेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि परिसीमन भाजपा की सबसे बड़ी राजनीतिक गलती साबित होगी।

परिसीमन पर स्टालिन की दो टूक

'पीठ में छुरा घोंपने वालों' पर भी साधा निशाना



डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने परिसीमन पर रुख एक बार फिर साफ किया। स्टालिन ने स्पष्ट किया कि परिसीमन के दौरान तमिलनाडु को मिलने वाली लोकसभा सीटों के हिस्से से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। लोकसभा में राज्य की मौजूदा 7.18 फीसदी हिस्सेदारी कम नहीं होनी चाहिए, भले ही कुल सीटों की संख्या बढ़ा दी जाए। हमारा हक न छीना जाए। उन्होंने विजय सरकार में शामिल होने पर कांग्रेस पर निशाना साधा।

बिल पर जेडीयू बोली

महिलाओं का प्रतिनिधित्व और भागीदारी बढ़नी चाहिए



जेडीयू ने विशेष सत्र का समर्थन करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए आरक्षण के अपने वादे को पूरा करने का एक ईमानदार प्रयास है। राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि भागीदारी बढ़नी चाहिए।

सुले का अहम बयान

'इंडी' की बैठक में शामिल नहीं होंगी



मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि वे संसद की विशेष बैठक में विपक्ष की रणनीति पर चर्चा के लिए बुलाई गई 'इंडी' की बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगी। क्योंकि उनके पिता शरद पवार अस्वस्थ हैं।

कार्तिगई दीपम विवाद पर 'सुप्रीम' आदेश

मुख्य सचिव, डीजीपी को अवमानना नोटिस, आज वहां जलाया जाएगा दीप





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अपने राजनीतिक आकाओं के निर्देशों पर काम करने को गंभीरता से लेते हुए कार्तिगई दीपम संबंधी अपने आदेश के उल्लंघन को लेकर राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी, जिलाधिकारी और अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी किए। अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर के न्यासी मंडल को निलंबित कर दिया। उच्चिपिल्लैयार मंडपम में प्रज्वलित दीप की लौ से शनिवार को तिरुप्परनकुंद्रम के दीपथून पर दीप प्रज्वलित करने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत उपस्थित होने का निर्देश देते हुए अधिकारियों के बीच हुए ई-मेल, फोन पर हुई बातचीत का विस्तृत विवरण देते हुए हलफनामा दाखिल करने अदालत के आदेशों का जान-बूझकर अनुपालन नहीं किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ऐसा किए जाने को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सीआरपीएफ को सौंपी सुरक्षा की जिम्मेदारी

शीर्ष अदालत ने आदेशों को लागू करने में तमिलनाडु पुलिस की विफलता का हवाला देते हुए अरुलमिगु सुब्रमण्यस्वामी मंदिर और तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को सौंप दिया। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि उसके आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है तो वह मूकदर्शक बनकर नहीं बैठ सकता।

भगवान मुरुगन की जय हो

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार रात भगवान मुरुगन की पूजा-अर्चना की। उन्होंने 'एक्स' पर पारंपरिक तमिल भक्ति उद्घोष 'वेत्रिवेल मुरुगनुक्कु अरोहरा' साझा किया। इसका अर्थ होता है, 'भगवान मुरुगन की जय हो'। उन्होंने इस उद्घोष को अंग्रेजी, तमिल और हिंदी में लिखा। तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष केपी रामलिंगम ने कहा कि भाजपा ने राज्यभर के 2,116 मंदिरों में 'अरम काका अलय दीपम' के तहत दीप जलाकर सीएम जोसेफ विजय की सरकार पर निशाना साधा।

कलकत्ता हाई कोर्ट से ऋतब्रत को झटका

नेता प्रतिपक्ष और चीफ व्हिप की नियुक्ति को किया खारिज

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट से पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बेनर्जी को झटका लगा है। हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष के 3 जून के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें उन्होंने टीएमसी के बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी को राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया था। कोर्ट ने स्पीकर से कहा है कि वे 10 दिन के अंदर इस बात पर दोबारा विचार करें कि नेता प्रतिपक्ष किसे बनाया जाना चाहिए? जस्टिस कृष्ण राव ने विपक्षी दल,टीएमसी के मुख्य सचेतक के रूप में अखरुज्जमां की नियुक्ति को भी रद्द कर दिया है। कलकत्ता हाई कोर्ट का यह फैसला टीएमसी (ममता गुट) के नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय की एक याचिका पर आया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्होंने ऋतब्रत को राज्य का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त कर दिया था।



हिमाचल में पटवारी पेपर पर विवाद

सिखों को कड़ा- कृपाण पहनने पर रोका तो केंद्र पर मचा हंगामा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल भाजपा ने शुक्रवार को पटवारी पद के लिए फिर से परीक्षा की मांग की है। यह मांग एक अमृतधारी सिख उम्मीदवार के लिए की गई है। उसे राज्य में 'कड़ा' और 'कृपाण' पहनने के कारण परीक्षा में बैठने से कथित तौर पर रोका था। सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रमुख गुरमीत सिंह ने कांग्रेस पर सिख विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया। उन्होंने सुक्खू सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की धमकी दी। यह आंदोलन छात्र को फिर से परीक्षा का अवसर न मिलने पर किया जाएगा। गुरमीत सिंह ने सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने सोलन के देवभूमि इंस्टीट्यूट में हुई घटना की जांच की मांग की। प्रभावित उम्मीदवार के लिए फिर से परीक्षा कराने की भी मांग की।



पीड़ित परीक्षार्थी

देश के विद्युत मंत्रियों का 2 दिनी सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू

विद्युत क्षेत्र में 2 दशकों में 200 लाख करोड़ का निवेश होगा, सभी के सहयोग से ही होगा सुधार

खट्टर ने की अध्यक्षता, 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेश शामिल हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विद्युत मंत्रियों का दो दिनी सम्मेलन शुक्रवार को नई दिल्ली में शुरू हुआ। इस सम्मेलन में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के विद्युत मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विद्युत नियामक भाग ले रहे हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने की। सम्मेलन में भारत के विद्युत क्षेत्र की प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं, चुनौतियों, ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, विद्युत अवसंरचना के विस्तार और क्षेत्रीय सुधारों में तेजी लाने पर केंद्र तथा राज्यों के बीच विचार-विमर्श किया जा रहा है।



केंद्र-राज्यों में समन्वित प्रयासों पर काम करें

खट्टर ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र और राज्यों के बीच मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ने उत्पादन क्षमता के विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण और राष्ट्रीय ग्रिड को मजबूत करने की दिशा में विशेष प्रगति की है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने किया पुस्तक का विमोचन, मुख्य वक्तव्य भी दिया

केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और भूटान की राजमाता भी रहीं मौजूद

करुणा के नायक के रूप में राम को प्रस्तुत करती है कैलाश सत्यार्थी की नई पुस्तक 'करुणानायक राम'

दिल्ली के डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया गया आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी ने अपनी नई हिंदी पुस्तक 'करुणानायक राम' के माध्यम से भगवान राम को करुणा, संवेदना और मानवीय मूल्यों के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है। शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम सभागार में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने पुस्तक का विमोचन किया और मुख्य वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) ने किया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि भूटान की राजकुमारी सोनम देचन वांगचुक विशिष्ट अतिथि थीं। भूटान की राजमाता आशी दोरजी वांगमो वांगचुक भी समारोह में मौजूद रहीं।



कैलाश सत्यार्थी, आशी वांगचुक, डॉ. मोहन भागव और गजेंद्र सिंह शेखावत

राम के जीवन को अलग दृष्टिकोण से समझाया

पुस्तक में सत्यार्थी ने राम के जीवन को एक अलग दृष्टिकोण से समझने का प्रयास किया है। उनका सवाल है कि जब करोड़ों लोग राम की पूजा करते हैं, तो उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने वाले लोग इतने कम क्यों हैं? सत्यार्थी का मानना है कि राम को केवल ईश्वर के रूप में पूजने से कहीं न कहीं हम सामाजिक अन्याय और बुराइयों को समाप्त करने की जिम्मेदारी स्वयं उठाने से बचने लगते हैं।

राम करुणा के साक्षात प्रतीक

पुस्तक विमोचन के अवसर पर सत्यार्थी ने कहा कि राम के करुणामय स्वरूप को समझने पर उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। राम से हर व्यक्ति को जोड़ने वाला तत्व उनकी करुणा है, जो हम सभी के भीतर मौजूद है। करुणा ही राम का सार है और राम करुणा के साक्षात प्रतीक हैं। पुस्तक में राम को एक ऐसे मानवीय व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिन्होंने बिना विरोध किए राजसिंहासन त्याग दिया, प्रियजनों के वियोग का दुख सहा और कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। रावण को पराजित करने के बाद स्वयं लंका का शासन संभालने के बजाए उन्होंने विभीषण को राजसत्ता सौंप दी। सत्यार्थी के अनुसार, राम के जीवन के इन प्रसंगों को जोड़ने वाली सबसे बड़ी शक्ति करुणा थी।

दूसरों के दुख को दूर करने की भावना ही करुणा

डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में स्वाभाविक रूप से यह भावना मौजूद होती है कि किसी दूसरे के दुख को देखकर उसे दूर करने के लिए कुछ किया जाए। यही हमारी करुणा है। भूटान की राजकुमारी सोनम देचन वांगचुक ने कहा कि सत्यार्थी ने भूटान को रामराज्य का अच्छा उदाहरण बताया है, यह उनके देश के लिए बड़े सम्मान की बात है। उन्होंने राम के आदर्शों को समझने के लिए आगे आ रहे युवाओं की भी सराहना की।



चार साल बाद आएगा वरुण की फिल्म भेड़िया का सीक्वल

नई दिल्ली। बॉलीवुड में हॉरर-कॉमेडी फिल्मों की बात हो तो 'भेड़िया' का नाम भी दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में शामिल है। वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म को रिलीज हुए चार साल हो चुके हैं, लेकिन फिल्म के किरदार और कहानी आज भी फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। अब फिल्म की चौथी सालगिरह के मौके पर मेकर्स ने दर्शकों को बड़ा सरप्राइज दिया है। बता दें कि 'भेड़िया 2' की आधिकारिक तौर पर पुष्टि हो गई है और फिल्म पर काम शुरू हो चुका है। दरअसल, बुधवार को फिल्म के चार साल पूरे होने पर निर्देशक अमर कौशिक ने सीक्वल को लेकर जानकारी दी।

लाइफ Style

लारिसा

खान परिवार को बताया अपनी 'फैमिली'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्राजीलियन मॉडल और एक्ट्रेस लारिसा बोनेसी का नाम शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के साथ जुड़ रहा है। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया है। वहीं, एक्ट्रेस आर्यन खान के डायरेक्ट किए गए शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की स्क्रीनिंग में भी पहुंची थीं। अब लारिसा ने खान परिवार को लेकर बड़ी बात कह दी है।

दरअसल, एक्ट्रेस ने खान परिवार को अपनी फैमिली बताया है। उन्होंने कहा है कि उनकी जिंदगी में खान परिवार की एक खास जगह है और वह उन्हें अपने परिवार की तरह मानती हैं। उन्होंने कहा कि खान परिवार के साथ उनका रिश्ता सिर्फ उनकी कामयाबी की तारीफ करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके बीच एक खास जुड़ाव है। लारिसा के इस बयान के बाद आर्यन खान के साथ उनके रिश्ते को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने शाहरुख खान को लेकर भी बात की है। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि खान परिवार के लिए उनके मन में सम्मान सिर्फ उनकी प्रोफेशनल कामयाबी की वजह से नहीं है, बल्कि वह उन्हें इंसान के तौर पर भी पसंद करती हैं। उन्होंने कहा, 'खान परिवार मेरे परिवार जैसा है। जब आप किसी की जिंदगी में हासिल की गई कामयाबी, उनके प्रति अपने सम्मान और उनके इंसान होने के तरीके की तारीफ करते हैं, तो आपको लगता है कि वे आपके परिवार जैसे हैं। उनका सपोर्ट मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दोस्ती ही सब कुछ है और यह लंबे समय तक साथ निभाती है।' शाहरुख खान के बारे में बात करते हुए लारिसा ने कहा, 'वह किंग हैं।



हॉलीवुड मसाला



बिकिनी पर पहना ओम

प्रिंटेड सारंग

नई दिल्ली। इंस्टाग्राम पर सामने आई काइली और केंडल की तस्वीरों में उनका क्यूट बॉन्ड तो देखने लायक है, लेकिन लोगों की नजर केंडल के आउटफिट पर गई, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया और अब इस पर बवाल मच गया। दरअसल, फोटोज में केंडल जेनर ने ब्लैक कलर की बिकिनी के साथ ओम प्रिंट वाला सारंग कैरी किया है जो अब विवादों की जड़ बन गया है। जैसे ही केंडल की तस्वीरें सामने आईं, वैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं और लोग इसे सनातन धर्म का अपमान बताया।



एंजेलीना- ब्रैड के बीच खत्म हुई कानूनी जंग

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड सितारे एंजेलीना जोली और ब्रैड पिट ने शैतो मिरावल को लेकर चल रहे अपने लंबे कानूनी विवाद में अदालत के बाहर समझौता कर लिया है। शैतो मिरावल एक फ्रांसीसी वाइनरी है जिसके वे कभी संयुक्त रूप से मालिक थे। यह विवाद 2016 में उनके अलग होने के बाद शुरू हुआ था और इसमें दुर्व्यवहार के आरोप, समझौतों के उल्लंघन के दावे और व्यवसाय में जोली की शेयर्स की बिक्री शामिल थी। इस कानूनी विवाद के समझौते की पुष्टि पूर्व कपल ने बुधवार को हुई है। लेकिन इसकी शर्तों का खुलासा नहीं किया। हालांकि इससे वाइनरी की बिक्री को लेकर उनका विवाद समाप्त हो गया है, लेकिन पिट व्यवसायी यूरी शेफलर के खिलाफ अपनी कानूनी कार्रवाई जारी रखे हुए हैं, जिन्होंने संपत्ति में जोली की हिस्सेदारी खरीदी थी।



छह साल बाद जॉन के साथ आएंगी नजर

मुंबई। अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही जल्द ही फिल्म 'फोर्स 3' में नजर आने वाली हैं। हालांकि, इस बार वह फिल्म में एक खास डांस नंबर करती दिखाई देंगी। जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स 3' में नोरा की एंट्री खास होने वाली है। इसके साथ ही वह करीब छह साल बाद जॉन अब्राहम के साथ फिर से काम करती नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स इस गाने को बड़े लेवल पर तैयार करने का प्लान बना रहे हैं। फिल्म के एक्शन और बड़े दर्शक वर्ग को ध्यान में रखते हुए इसे खास अंदाज में फिल्माया जाएगा। 'नोरा को एक खास डांस नंबर के लिए चुना गया है। इसे हाई एनर्जी और शानदार म्यूजिकल अंदाज में तैयार करने का प्लान है, जो बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करेगा।' हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इस गाने की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।



डूबते कॅरियर को मिला साउथ का सहारा!

नई दिल्ली। लंबे समय से फ्लॉप फिल्मों की मार झेल रहे गोविंदा के कॅरियर में फाइनली उम्मीद की एक किरण जागती नजर आ रही है। खबर है कि एक्टर के हाथ एक बड़े बैनर की साउथ फिल्म लगी है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर बहुत जल्द एटली की साइंस फिक्शन फिल्म राका में नजर आएंगे। इसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आएंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार राका गोविंदा का पहला साउथ डेब्यू होगी। राका का निर्देशन एटली कर रहे हैं जिसके जरिए अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। राका को इंडियन सिनेमा की मच अवेटेड फिल्मों में से एक माना जा रहा है। वहीं, गोविंदा का नाम जुड़ने के साथ ही फैंस को मन में इसको लेकर दिलचस्पी और अधिक बढ़ गई है। गोविंदा इसमें क्या रोल निभा रहे हैं।

टीवी मसाला



कॉफी विद करण 9 में ट्विंकल ने लगाई अक्षय की क्लास

मुंबई। करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण 9' में इस बार अक्षय कुमार और भोजपुरी स्टार रवि किशन नजर आए। शो के दौरान दोनों ने खूब मस्ती-मजाक किया। वहीं, अक्षय ने पत्नी ट्विंकल खन्ना को फोन कर उनसे बात की, लेकिन ट्विंकल ने फोन उठाते ही अक्षय की शिकायतों का पिटारा खोल दिया। सुबह 6 बजे भजन बजाने, जोर-जोर से गाने और बाथरूम का दरवाजा खुला छोड़ने को लेकर ट्विंकल ने अक्षय को खूब सुनाया। इतना ही नहीं, शो में बिना फीस के आने पर भी अभिनेत्री ने मजेदार तंज कसा। शो के दौरान अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना को फोन किया और स्पीकर पर बात करने लगे। फोन उठाते ही ट्विंकल ने कहा कि वह पिछली रात ठीक से सो नहीं पाई थीं और अक्षय ने सुबह जल्दी भजन बजाकर उनकी नींद खराब कर दी। उन्होंने अक्षय के गाने पर भी चुटकी ली। ट्विंकल ने कहा, 'मैं पिछली रात मुश्किल से सो पाई थी। फिर तुमने सुबह-सुबह मुझे उठा दिया। आखिर सुबह 6 बजे कौन भजन बजाता है? और ऊपर से तुम उससे भी तेज गाने लगते हो, जैसे तुम अनूप जलोटा हो। मैंने तुम्हें कितनी बार कहा है कि कम से कम बाथरूम का दरवाजा ठीक से बंद किया करो।' इसके बाद ट्विंकल ने अक्षय से पूछा कि वह कहां हैं। अक्षय ने बताया कि वह 'कॉफी विद करण' की शूटिंग कर रहे हैं। ट्विंकल ने कहा कि हाल ही में उनकी करण जौहर से बात हुई थी और करण ने उन्हें इस एपिसोड में रैपिड फायर राउंड जज करने के लिए बुलाया था।

ओटीटी पर आएगी सुकेश की डॉक्यूमेंट्री

नई दिल्ली। कभी आलीशान जिंदगी, कभी बड़े-बड़े दावे, तो कभी बॉलीवुड की चर्चित हस्तियों से जुड़ाव... सुकेश चंद्रशेखर की कहानी लंबे समय से सुर्खियों में रही है। करोड़ों रुपए की ठगी के आरोपों से जुड़े इस मामले को अब नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री के जरिए पर्दे पर उतारने जा रहा है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने नई ट्रू-क्राइम डॉक्यूमेंट्री 'लव, स्कैम और धोखा: द सुकेश चंद्रशेखर स्टोरी' का ऐलान किया है। यह डॉक्यूमेंट्री 18 दिसंबर, 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस डॉक्यूमेंट्री में सुकेश चंद्रशेखर के शुरुआती दिनों से लेकर करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपों और उसके कथित नेटवर्क तक की कहानी दिखाई जाएगी। डॉक्यूमेंट्री सिर्फ मामले की सुर्खियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह भी समझने की कोशिश करेगी कि आखिर सुकेश लोगों का भरोसा जीतने और कथित तौर पर लंबे समय तक अपना जाल फैलाने में कैसे कामयाब रहा। सिर्फ इतना ही नहीं, डॉक्यूमेंट्री में सुकेश चंद्रशेखर के बेंगलुरु में शुरुआती जीवन से लेकर उसके खिलाफ लगे कई बड़े आरोपों तक का सफर दिखाया जाएगा।



27 देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी 'रामायण'

नई दिल्ली। इन दिनों हर तरफ बर एक ही फिल्म छाई हुई है। नाम है- 'रामायण', जिसे डायरेक्ट किया है नितेश तिवारी ने, नमित मल्होत्रा प्रोड्यूसर हैं और रणबीर कपूर, रवि दुबे, यश, साई पल्लवी जैसे बड़े स्टार्स अहम भूमिक में नजर आए हैं। रिलीज होते ही ये पिक्चर भारत के साथ-साथ विदेशों में भी छा गई है। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' को पीछे छोड़ते हुए पहले इसने अमेरिका में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम किया. उसके बाद नेपाल में भी सबसे बड़ी इंडियन फिल्म साबित हुई। अब खबर है कि सिर्फ इन 2 देशों में ही नहीं, बल्कि 27 देशों में 'रामायण' नंबर- 1 बन चुकी है। 'रामायण'के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए इस बड़े रिकॉर्ड के बारे में बताया गया है। 'रामायण' एक ऐसी फिल्म बन चुकी है, जो कमाई के मामले में 27 देशों में सबसे बड़ी इंडियन फिल्म है। मेकर्स ने ये जानकारी अपने तमाम चाहने वालों के साथ शेयर करते हुए लिखा, 'दुनिया भर में रामायण को



जो प्यार मिल रहा है, उसके लिए आभारी हूं। ये राम के युग का आरंभ है।

अमेरिका में 270 करोड़ की कमाई

'रामायण' 21 दिनों में दुनियाभर से 1755 करोड़ रुपए का बिजनेस कर चुकी है। सिर्फ अमेरिका से ही अब तक ये पिक्चर 270 करोड़ रुपए कमा चुकी है।

इन देशों में नंबर- 1 'रामायण'

मेकर्स ने उन 27 देशों के बारे में भी बताया है, जहां-जहां इस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा कमाई करने वाली इंडियन फिल्म का रिकॉर्ड दर्ज हुआ है। अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, थाईलैंड, इंडोनेशिया, नेपाल, नीदरलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, साउथ अफ्रीका, त्रिनिदाद और टोबैगो, कजाकिस्तान, रोमानिया, फिनलैंड, केन्या, यूक्रेन, स्लोवाकिया, जमैका, लातविया, इजराइल, क्रोएशिया, सूरीनाम, एस्टोनिया, मोल्दोवा, जॉर्जिया, घाना, आर्मेनिया।

नागा की मिस्ट्री-थ्रिलर 'वृषकर्मा' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। निर्देशक कार्तिक डंडू की मोस्ट अवेडेट मिस्ट्री-थ्रिलर फिल्म 'वृषकर्मा' के निर्माताओं ने इसका एक शानदार ट्रेलर जारी किया है, जिसे देखकर प्रशंसक और सिनेमा प्रेमी बेहद खुश हैं। इस फिल्म में साउथ एक्टर नागा चैतन्य मुख्य भूमिका में हैं। साउथ सिनेमा में पौराणिक और फैंटेसी फिल्मों पर अब तक बहुत अच्छा काम हुआ है। अब नागा चैतन्य ने भी इस अनोखे जॉनर में कदम रखने का फैसला किया है। 'थांडेल' की सफलता के बाद वे अपनी अगली फिल्म 'वृषकर्मा' के साथ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। एक्टर ने 'विरुपाक्ष' के निर्देशक कार्तिक डंडू के साथ हाथ मिलाया है। यह फिल्म पौराणिक कथाओं पर आधारित एक मिस्ट्री थ्रिलर है, जो एक दिलचस्प दुनिया, रहस्यमयी ताकतों और शानदार दृश्यों का वादा करती है। ट्रेलर की



शुरुआत 5,000 साल पुरानी एक रहस्यमयी और अलौकिक शक्ति के परिचय से होती है। कहानी, जो शुरू में खजाना खोजने वालों के सफर जैसी लगती है, धीरे-धीरे एक ऐसे प्राचीन रहस्य में बदल जाती है जो पूरी मानवता के लिए खतरा बन सकती है। नागा चैतन्य इसमें बिल्कुल नए किरदार में नजर आ रहे हैं। एक 'ट्रेजर हंटर' के रूप में उनका रफ और इंटेंस अवतार काफी प्रभावशाली है।

नवंबर का आखिरी शुक्रवार लाया ढेर सारा एंटरटेनमेंट

ओटीटी-थिएटर्स में रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। नवंबर का महीना खत्म होने पर आ गया है। आज 27 नवंबर को इस महीने का आखिरी शुक्रवार है, जो सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है। इस फ्राइडे सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक पर कई ऐसी फिल्में और सीरीज आ रही हैं, जो दर्शकों के वीकेंड पर भी एक सेकंड भी बोरियत का एहसास नहीं होने देगी। इस फ्राइडे जहां दो बड़ी फिल्में थिएटर्स में आएंगी, तो वहीं ओटीटी पर भी सस्पेंस -ड्रामा और कॉमेडी भरपूर होगी।



दृश्यम- द कनक्लूजन

2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अजय देवगन-जयदीप अहलावत स्टारर फिल्म दृश्यम 3 अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म में एक बार फिर से विजय संलगावकर की कहानी दिखेगी, जिसके केस को सॉल्व के चक्कर में खुद को शनि कहने वाले एसपी राजवीर सिंह तोमर कैसे घनचक्कर बनेंगे ये कहानी दिखाई देगी। रिलीज डेट- 27 नवंबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर-सस्पेंस थ्रिलर।

हनुमान अंश

7 अगस्त को रिलीज नीम करोली बाबा की जिंदगी पर बनी मूवी हनुमान अंश ने दुनियाभर में इतिहास रचा था। दर्शक एक लंबे समय से मूवी के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने का इंतजार कर रहे थे। अब फाइनली उनकी ये ख्वाहिश पूरी होने जा रही है। रिलीज डेट- 27 नवंबर,प्लेटफॉर्म- सोनी लिव-नेटफ्लिक्स, जॉनर- डिवोशनल ड्रामा।

ढाई चाल

ढाई चाल वेब सीरीज की कहानी यूनिवर्सिटी से शुरू हुई पॉलिटिक्स से लेकर सत्ता के प्यादे बने छात्रों के बारे में है। 50 एपिसोड की ये वेब सीरीज लेखक नवीन चौधरी की डंक जागरण बेस्ट सेलर नॉवेल्स 'जनता स्टोर' और 'ढाई चाल' पर आधारित कहानी है। रिलीज डेट- 27 नवंबर, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- पॉलिटिकल ड्रामा।

द चाइल्ड

फर्नांडो अरामबुरु की नॉवेल पर आधारित 'द चाइल्ड' की कहानी स्पेन के बास्क कंट्री में हुई दुखद घटना के हालातों को दिखाती है। जब 1980 में गैस एक्सप्लोजन में नुको की डेथ हो जाती है, तो उसकी मां और दादा जी इस घटना से उबरने की कोशिश करते हैं। रिलीज डेट- 27 नवंबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- मिस्ट्री थ्रिलर।

ये प्रेम मोल लिया

रामायण की रिलीज के एक लंबे समय बाद कोई फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। आयुष्मान खुराना और शरवरी की फैमिली ड्रामा मूवी 'ये प्रेम मोल लिया' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बहुत ही पसंद आ रहा है। रिलीज डेट- 27 नवंबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- फैमिली ड्रामा।

गनमास्टर जी9

ये प्रेम मोल लिया को बड़े पर्दे पर टक्कर देने के लिए कल इमरान हाश्मी की एक्शन थ्रिलर फिल्म गनमास्टर जी9 भी बिग स्क्रीन पर रिलीज हो रही है। जिसमें अभिनेता के साथ पहली बार जेनेलिया डीसूजा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के गानों को दर्शकों ने काफी पसंद किया। रिलीज डेट- 27 नवंबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।

आदर्श कुटुंबम

साउथ स्टार वेंकटेश की फिल्म आदर्श कुटुम्ब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक बिजनेस नहीं कर पाई थी। अब तेलुगु भाषा में बनी एक्शन कॉमेडी थ्रिलर फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रही है। रिलीज डेट- 27 नवंबर,प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एक्शन कॉमेडी थ्रिलर।

डेविस कप

स्पेन और ब्रिटेन ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट

एजेंसी ▸▸ बोलोग्ना



स्पेन को कार्लोस अल्काराज की जरूरत नहीं पड़ी और उसने ऑस्ट्रिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना ब्रिटेन से होगा। डेनियल मेरिडा ने डेविस कप में पहली बार खेल रहे जोएल श्वार्जलर को 6-4, 6-4 से हराकर छह बार के चैंपियन स्पेन को बढ़त दिलाई। इसके बाद राफेल जोडर ने जुरिज रोडियोनोव को 2-6, 6-0, 6-1 से पराजित किया।

अल्काराज़ को एकल मैचों के लिए नहीं चुना गया था, लेकिन युगल मुकाबले के लिए मार्सेल ग्रैनोलर्स के साथ उनका नाम शामिल था। स्पेन के अजेय बढ़त बनाने के बाद यह मैच रद्द कर दिया गया था। स्पेन ने आखिरी बार 2019 में खिताब जीता था और वह पिछले साल उपविजेता रहा था।

जर्मनी की टीम ब्रिटेन से हारी

इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव की अगुवाई वाली जर्मनी की टीम क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन से 2-1 से हार गई। कैमरन नॉरी ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर ब्रिटेन को शुरुआती बढ़त दिलाई। इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के विजेता ज़्वेरेव ने आर्थर फेरी को 6-3, 6-2 से पराजित करके मुकाबले को 1-1 से बराबर कर दिया। उन्हें निर्णायक युगल मैच के लिए नहीं चुना गया। जर्मनी ने इसके बजाय केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज को चुना जो हेनरी पैटन और नील स्कुपस्की से 6-2, 7-6 (6) से हार गए।

ब्रिटेन 7 साल बाद पहुंचा सेमीफाइनल में

ब्रिटेन सात साल में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने अपना 10वां और आखिरी डेविस कप खिताब 2015 में जीता था। जर्मनी ने अपना आखिरी खिताब 1993 में जीता था। दूसरा सेमीफाइनल तीन बार के मौजूदा चैंपियन इटली और चेकिया के बीच होगा, जिसे पहले चेक गणराज्य के नाम से जाना जाता था। इटली ने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से और चेकिया ने कनाडा को 2-0 से हराया था।

दूसरा टेस्ट पहला दिन : न्यूजीलैंड 246/5, भारत की मिली-जुली गेंदबाजी

आकाश दीप ने दिखाया दम कीवियों की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ▸▸ क्राइस्टचर्च



तेज गेंदबाज आकाश दीप भारतीय गेंदबाजों में सबसे प्रभावशाली रहे जबकि जसप्रीत बुमराह ने भी दबाव बनाया लेकिन अन्य गेंदबाजों के औसत प्रदर्शन के कारण न्यूजीलैंड दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 246 रन बनाने में सफल रहा। पहले दिन 85 ओवर का खेल हुआ, जिसमें पहला और तीसरा सत्र न्यूजीलैंड के नाम रहा जबकि भारत ने दूसरे सत्र में दबदबा बनाया।

ब्लंडेल ने लगाया अर्धशतक

डेवोन कॉनवे (79 गेंद पर 31 रन) पहले सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे। न्यूजीलैंड ने दूसरे सत्र में कप्तान टॉम लैथम (128 गेंद पर 59), हेनरी निकोल्स (46 गेंदों में 16) और रचिन रविंद्र (00) के विकेट गंवाए। डेरिल मिचेल (74 गेंद में 31) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। स्टंप उखड़ने के समय विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल (117 गेंद पर नाबाद 53) और ग्लेन फिलिप्स (64 गेंद पर नाबाद 36) क्रीज पर डटे हुए थे। यह दोनों अभी तक छठे विकेट के लिए 62 रन जोड़ चुके हैं। भारत की तरफ से आकाश दीप ने 52 रन देकर 2 जबकि गुरनूर बराड़ (52 रन देकर 1), अंशुल कंबोज (56 रन देकर 1) और वाशिंगटन सुंदर (36 रन देकर 1) ने एक-एक विकेट लिया है।

बुमराह को नहीं मिला विकेट

बुमराह (19 ओवर 37 रन) ने दबाव बनाए रखा लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिला। वाशिंगटन की टर्न और उछाल लेती गेंद मिचेल के बल्ले को स्पर्श करके लेग स्लिप में ध्रुव जुरेल के पास चली गई, जिन्होंने बड़ी कुशलता से उसे कैच किया। इससे मिचेल और टॉम ब्लंडेल के बीच पांचवें विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी का अंत भी हुआ। ब्लंडेल ने अपनी एकाग्रता का शानदार नमूना पेश किया जबकि पहले टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले फिलिप्स फिर से सहज नजर आए, जिससे भारत की परेशानी बढ़ गई।



डेब्यू टेस्ट में बराड ने कॉनवे को किया बोल्ड

अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे बराड़ ने लंच से ठीक पहले आखिरी गेंद पर कॉनवे को आउट कर दिया था, जिन्होंने लैथम के साथ पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े थे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरे सत्र में आकाश का छोर बदल दिया और उनका यह फैसला सही साबित हुआ। उन्होंने लैथम को जिस गेंद पर आउट किया वह बेहद खूबसूरत थी। सही लेंथ पर की गई उनकी गेंद इतनी सीधी गई कि न्यूजीलैंड के कप्तान के पास उसे खेलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। गेंद उनके बल्ले को चूमती हुई ऋषभ पंत की सुरक्षित दस्तानों में चली गई।

आकाश ने की अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी

आकाश ने थोड़ा पुरानी पड़ चुकी कूकाबुरा गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी की और उन्हें पर्याप्त स्विंग मिली जिससे उन्होंने क्रीज पर अच्छी तरह पांव जमा चुके लैथम और रविंद्र को आउट कर दिया। पहले सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले कंबोज को भी शॉर्ट पिच गेंद करने की अपनी रणनीति पर कायम रहने का इनाम मिला। उन्होंने पहले टेस्ट शतक जड़ने वाले निकोल्स को डीप फाइन-लेग में खड़े आकाश के हाथों में कैच कराया।

खबर संक्षेप



कतर चैलेंजर स्क्वाश में वजीरल्ली ने जीता खिताब

नई दिल्ली। भारत के अयान वजीरल्ली ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दोहा में खेले गए क्यूएसएफ 5 चैलेंजर स्क्वाश टूर्नामेंट में मिस्र के हसन मेन्शॉवी को 3-1 से हराकर अपना पहला पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त वजीरल्ली ने खेले गए फाइनल में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त मेन्शॉवी को 7-11, 11-7, 11-9, 11-2 से पराजित किया। वजीरल्ली पिछले सप्ताह मुंबई में राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे और इस तरह से अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे।

अडाणी अहमदाबाद मैराथन : 32 हजार से अधिक धावक लेंगे भाग



अहमदाबाद। रविवार को होने वाली अडाणी अहमदाबाद मैराथन के दसवें सत्र में 32 हजार से अधिक प्रतियोगियों के भाग लेने की उम्मीद है। अडाणी स्पोर्टसलाइन द्वारा आयोजित इस मैराथन में 'रन4अवर सोल्जर्स' थीम के तहत धावक भाग लेंगे। यह भारतीय सशस्त्र सेना के साहस और बलिदान के प्रति सम्मान का सूचक होगा। पिछले एक दशक में मैराथन अहमदाबाद के खेल कैलेंडर का अहम आयोजन बन गया है। इस साल इसे विश्व एथलेटिक्स के वैश्विक कैलेंडर में भी जगह मिली है। इस साल साबरमती रिवरफ्रंट पार्क पर होने वाली मैराथन चार श्रेणियों फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10के और 5के में आयोजित होगी।

जेमी ओवरटन ने रचा इतिहास महज 12 रन देकर झटके 5 विकेट

एजेंसी ▸▸ ब्रिस्बेन



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध द गाबा में इतिहास रच दिया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 4 ओवरों में महज 12 रन देकर 5 विकेट झटके। इसी के साथ ओवरटन इस मैदान पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 5 विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। इससे पहले यहां सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मिचेल स्टार्क का था, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 20 रन देकर 4 विकेट हासिल किए थे। सीरीज के तीसरे टी20 मैच में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम से सैम हार्पर और जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने दूसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 44 रन की साझेदारी की। निखिल चौधरी ने 19 रन, जबकि मिचेल ओवन ने 17 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से जेमी ओवरटन ने सर्वाधिक 5 विकेट हासिल किए, जबकि लियाम डॉसन ने 3 विकेट झटके।

बॉर्नमाउथ ने सेल्टा विगो को 2-1 से हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही बॉर्नमाउथ ने यूईएफए यूरोपा लीग में सेल्टा विगो को 2-1 से हराया। टीम ने पहले हाफ में पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की और लगातार पांचवें मुकाबले में जीत दर्ज की। इस जीत के साथ बॉर्नमाउथ का सभी प्रतियोगिताओं में जीत का सिलसिला 10 मैचों तक पहुंच गया है।

बॉर्नमाउथ ने पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम किया और यूईएफए प्रतियोगिता के अपने पहले पांच मुकाबले जीतने वाला सिर्फ पांचवां क्लब बन गया है। सेल्टा विगो ने बढ़त तब हासिल की जब अनुभवी फॉरवर्ड इयागो एस्पास ने गोल किया। इससे कुछ देर पहले उनकी शानदार ओवरहेड किक को गोलकीपर मिशेल डि ग्रेगोरियो ने बचा लिया था, लेकिन 39 वर्षीय खिलाड़ी ने बाद में पोस्ट के अंदर की ओर सटीक शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई।

बॉर्नमाउथ हासिल किए 15 अंक

इस जीत के साथ बॉर्नमाउथ ने पांच मैचों में 15 अंक हासिल कर लिए हैं और 36 टीमों की स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। वहीं, सेल्टा विगो की टीम सिर्फ तीन अंकों के साथ 32वें स्थान पर मौजूद है। वहीं, इटली की बड़ी टीमें एसी मिलान और जुवेंटस, दोनों ने मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अहम जीत हासिल की। ओमारी हचिंसन के शानदार प्रदर्शन ने मिलान को एथेंस में ओलंपियाकोस के खिलाफ 2-0 से पिछड़ने के बाद 4-2 से आगे निकलने में मदद की।

टाटा स्टील विश्व 25 के : लासोई और अजीमेरा लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



कोलकाता में 20 दिसंबर को होने वाली टाटा स्टील विश्व 25के (25 किमी) में कई अंतरराष्ट्रीय स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें कीनिया के इसाया किपकोच लासोई और इथियोपिया की मौजूदा चैंपियन डेगिटु अजीमेरा भी शामिल हैं।

विश्व के लंबी दूरी के कुछ शीर्ष धावक 174,296 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता में अपना कौशल दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता को वर्ल्ड एथलेटिक्स से गोल्ड लेबल का दर्जा हासिल है। पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि रखी गई है। प्रत्येक प्रतियोगिताओं में शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15,000 अमेरिकी डॉलर, 10,000 डॉलर और 7,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। लासोई ने कहा, 'मैं इस प्रतियोगिता में पहली बार 25 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा ले रहा हूं और इसे यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'

एमआई एमिरेट्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को हराया

एजेंसी ▸▸ दुबई

आईएलटी20 : रदरफोर्ड ने खेली तूफानी पारी



शेरफेन रदरफोर्ड की तूफानी पारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स को 36 रन से हराकर इस सत्र की अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

रदरफोर्ड की 18 गेंदों पर 51 रन और निकोलस पूरन की 33 गेंदों पर नाबाद 42 रन की पारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने चार विकेट पर 207 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मोहम्मद वसीम ने 41 और कुशल परेरा ने 33 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में नाइट राइडर्स की टीम सात विकेट पर 171 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से अलीशान शराफू और मोईन अली ने 36-36 रन बनाए। एमआई एमिरेट्स की तरफ से फजलहक फारूकी (43 रन देकर दो) और जहूर खान (38 रन देकर दो) ने अहम मौकों पर विकेट लिए, जबकि राशिद खान (चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट) ने नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा।

एशिया सीनियर चैंपियनशिप

प्रार्थना-लालदुहजुआली ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



नागालैंड की प्रार्थना थापा और मिजोरम की लालदुहजुआली ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में बैडमिंटन एशिया सीनियर चैंपियनशिप 2026 में 40 वर्ष से अधिक उम्र के महिला युगल में कांस्य पदक जीता।

थापा ने लालदुहजुआली के साथ मिलकर 16 से 22 नवंबर तक चली महाद्वीपीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पोडियम पर जगह बनाई।

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में एक वरिष्ठ लेखाकार, थापा ने प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन के साथ अपनी पेशेवर प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक संतुलित किया है। उन्होंने मार्च में गोवा में 48वीं इंडियन मास्टर्स (वेटरन) राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला युगल (साल से अधिक) में रजत पदक जीता था।



9 दिसंबर से एफआईएच युवा हॉकी 5 विश्व कप

भारत के सामने बांग्लादेश और ब्राजील की चुनौती

खेल संवाददाता ▸▸ भोपाल



भारतीय पुरुष और महिला टीमें मिस्र के काहिरा में होने वाले पहले एफआईएच युवा हॉकी 5 विश्व कप में क्रमशः बांग्लादेश और ब्राजील के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेंगी। भारत ने जुलाई में ओमान में युवा हॉकी 5 एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के जरिए 9 से 12 दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय युवा पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि महिला टीम रजत पदक जीतकर विश्व कप में जगह बनाने में कामयाब रही।

बांग्लादेश, स्विटजरलैंड के साथ पूल बी में मेंस टीम

हॉकी इंडिया के अनुसार पुरुष वर्ग में भारत पूल बी में बांग्लादेश, स्विटजरलैंड और चिली के साथ है। वहीं महिला टीम पूल ए में मेजबान मिस्र , ब्राजील और कजाखस्तान के साथ है। विश्व कप का सेमीफाइनल 11 दिसंबर को और पदक के मुकाबले 12 दिसंबर को खेले जाएंगे।

भारतीय टीम का कार्यक्रम

महिला : पूल ए

9 दिसंबर : भारत बनाम ब्राजील (दोपहर 12 बजे से)

9 दिसंबर : भारत बनाम मिस्र (रात 11.20 से)

10 दिसंबर : भारत बनाम कजाखस्तान (शाम 4 बजे से)

पुरुष : पूल बी

9 दिसंबर : भारत बनाम बांग्लादेश (शाम 4 बजे से)

10 दिसंबर : भारत बनाम स्विजटलैंड (दोपहर 12.40 से)

10 दिसंबर : भारत बनाम चिली (रात 8 बजे से)

आईओआरए की मंत्रिपरिषद की बैठक में बोले एस. जयशंकर

हिंद महासागर व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए अहम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि हिंद महासागर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, संपर्क और आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली में हिंद महासागर के तटीय देशों के संगठन (आईओआरए) की मंत्रिपरिषद की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अपार विविधता, अवसरों और साझा चुनौतियों वाला क्षेत्र भी है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखना तथा विकास के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना संगठन की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पिछले अध्यक्ष के रूप में श्रीलंका के नेतृत्व की सराहना की और मॉरीशस का भावी अध्यक्ष के रूप में स्वागत किया।

> विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह क्षेत्र अपार विविधता, अवसरों और साझा चुनौतियों वाला क्षेत्र भी है। हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखना तथा विकास के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना संगठन की सामूहिक जिम्मेदारी है

सदस्य देश संवाद सहयोग और साझेदारी पर दें ध्यान



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

सदस्य देशों के बीच समन्वय जरूरी

विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर गंभीर चुनौतियों के बीच आईओआरए को अपनी सामूहिक आवाज मजबूत करने और एक समावेशी क्षेत्रीय मंच के रूप में अपनी भूमिका को सशक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सदस्य देशों के बीच बेहतर समन्वय, संवाद साझेदार देशों के साथ सार्थक सहयोग और व्यावहारिक साझेदारी पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। डॉ. जयशंकर ने बताया कि आईओआरए की अध्यक्षता के लिए भारत का विषय है- 'हिंद महासागर क्षेत्र में नवाचार, खुलापन, लचीलापन और अनुकूलन क्षमता'। ये सिद्धांत भारत के इस विश्वास को दर्शाते हैं कि संगठन को क्षेत्रीय और वैश्विक परिस्थितियों में बदलाव के अनुरूप खुद को ढालते हुए सदस्य देशों को ठोस लाभ पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान आईओआरए के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और उनसे जुड़े अन्य मुद्दों पर सहयोग मजबूत करने, संवाद साझेदार देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाने, व्यावहारिक क्षेत्रीय पहल को प्रोत्साहित करने तथा संगठन की वित्तीय और संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ करने का प्रयास कर रहा है।

हिंद महासागर क्षेत्र में कई चुनौतियां: हेराथ



श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेराथ ने आईओआरए की वर्तमान अध्यक्षता में इस दृष्टिकोण की निरंतर प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि भारत द्वारा अपनाया गया विषय क्षेत्र के सामने मौजूद चुनौतियों को दर्शाता है। हेराथ ने कहा कि श्रीलंका ट्रॉइका में भारत और मॉरीशस दोनों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है।

समुद्री सुरक्षा के प्रति अमेरिका प्रतिबद्ध: गोर



भारत में अमरीका के राजदूत सर्जियो गोर ने बैठक में कहा कि नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा, अवसंरचना और महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग के प्रति अमेरिका पूरी तरह प्रतिबद्ध है। खुले और सुरक्षित समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार और समृद्धि के लिए बेहद जरूरी हैं।

क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा दें: रामफुल



मॉरीशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफुल ने संगठन के उपाध्यक्ष के रूप में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने, सतत और समावेशी आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और सदस्य देशों के बीच साझा चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में आईओआरए की क्षमता का जिक्र किया।

खबर संक्षेप

शेख हसीना के पूर्व डिप्टी प्रेस सचिव अरेस्ट

ढाका। अपदस्थ पीएम शेख हसीना की 16 दिसंबर को संभावित स्वदेश वापसी के ऐलान से बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा एजेंसियों ने गुरुवार तड़के ढाका के धानमंडी-27 इलाके से हसीना के पूर्व डिप्टी प्रेस सचिव केएम सखावत मून, पूर्व उपायुक्त मोहम्मद इलियास हुसैन और आयकर वकील सूफी मोहम्मद अल मामून को गिरफ्तार कर लिया। सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की छात्र इकाई 'जातीयतावादी छात्र दल' के कार्यकर्ताओं ने इन्हें घेरकर पुलिस के हवाले किया था।



शोपियां में लश्कर के तीन मददगार गिरफ्तार

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवाद के नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए सुरक्षाबलों ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा एलईटी के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स आरआर और शोपियां पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप एसओजी ने संयुक्त रूप से जिले के नरवाव और रावलपोरा इलाकों में घेराबंदी और तलाशी अभियान कासो चलाया। वहीं, दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक संदिग्ध को गिरफ्त में लिया है।



युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप को लेकर सीडीएस जनरल सुब्रमणि ने किया आगाह

दुश्मन से लड़ाई सिर्फ सीमा पर नहीं होगी हर मोर्चे पर एक साथ कार्रवाई को रहें तैयार

> जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा है कि देश लगातार ऐसी प्रतिस्पर्धा और टकराव की स्थिति में है, जहां दुश्मन अलग-अलग तरीकों से चुनौती दे सकता है। ऐसे में भारत को अपनी सैन्य तैयारियों में कई मोर्चों पर एक साथ कार्रवाई करने की क्षमता विकसित करनी होगी।



सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा है कि तकनीक में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण युद्ध का स्वरूप लगातार बदल रहा है। अब युद्ध और शांति के बीच का अंतर भी धीरे-धीरे खत्म हो रहा है। देश लगातार ऐसी प्रतिस्पर्धा और टकराव की स्थिति में है, जहां दुश्मन अलग-अलग तरीकों से चुनौती दे सकता है। ऐसे में भारत को अपनी सैन्य तैयारियों में मल्टी-डोमेन ऑपरेशन यानी कई मोर्चों पर एक साथ कार्रवाई करने की क्षमता विकसित करनी होगी।

सीडीएस ने दिल्ली में विवेकानंद फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का उद्देश्य अलग-अलग सैन्य क्षमताओं को एक साथ जोड़कर दुश्मन के सामने कई तरह की चुनौतियां खड़ी करना है। इसमें थलसेना, वायुसेना, नौसेना के साथ अंतरिक्ष, साइबर और सूचना से जुड़े क्षेत्र भी शामिल हैं। इन सभी क्षमताओं का एक साथ इस्तेमाल करने से विरोधी के लिए हर मोर्चे पर जवाब देना मुश्किल हो सकता है।

अलग-अलग सैन्य क्षमताओं को मिलकर काम करना होगा

अंतरिक्ष, साइबर और सूचना से जुड़े क्षेत्र में भी तैयारी जरूरी

भारत अपनी सैन्य तैयारी के लिए खुद का मॉडल तैयार करे

युद्ध और शांति के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही

'भविष्य की युद्धकला और बहु-क्षेत्रीय अभियान संचालित करने की भारत की तैयारी' विषय पर संबोधन देते हुए जनरल सुब्रमणि ने कहा कि युद्ध और शांति के बीच की रेखा धुंधली होती जा रही है। भारत लगातार प्रतिस्पर्धा और टकराव की स्थिति का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि विरोधी देश अब छिपे हुए तरीकों से भारत के खिलाफ कॉग्निटिव वॉरफेयर यानी लोगों की सोच और धारणा को प्रभावित करने वाला युद्ध भी कर रहे हैं। ऐसे में चुनौती सिर्फ सीमा पर लड़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि साइबर हमले, सूचना और मानसिक प्रभाव जैसे क्षेत्र भी इसका हिस्सा बन रहे हैं।

एकीकृत कमांड और कंट्रोल सिस्टम की अहम जरूरत

सीडीएस ने कहा कि ऐसे अभियानों के लिए एकीकृत कमांड और कंट्रोल सिस्टम बेहद जरूरी है। सेना के अलग-अलग अंगों के बीच बेहतर तालमेल और सूचनाओं का तेजी से आदान-प्रदान होना चाहिए। सैन्य अंतरिक्ष ढांचे का एकीकरण और प्रभावी संचार व्यवस्था भी इसकी अहम जरूरत है। उन्होंने साइबर सुरक्षा को भी मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का अभिन्न हिस्सा बताया। उनका कहना है कि भारत को अपनी सैन्य तैयारी के लिए खुद का मॉडल विकसित करना चाहिए, न कि किसी दूसरे देश के तय किए गए मॉडल की नकल करनी चाहिए।

'ऑपरेशन सिंदूर' में निर्णायक जीत मिली

सीडीएस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को संयुक्त, एकीकृत तथा बहु-क्षेत्रीय अभियानों का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि तनाव बढ़ने पर भारत किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार था और इसके परिणामस्वरूप भारत को 'निर्णायक जीत' मिली। पिछले साल 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) रहे सेवानिवृत्त जनरल अनिल चौहान ने दिल्ली में विचारक संस्था 'विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन' की ओर से आयोजित इस सत्र का संचालन किया।

सीडीएस का सुझाव

नई तकनीक अपनाने की जरूरत

सीडीएस ने कहा कि तकनीक के मामले में मिली बढ़त हमेशा के लिए नहीं रहती। तकनीकी श्रेष्ठता अस्थायी होती है और उसे बनाए रखने के लिए लगातार सुधार और नई तकनीक अपनाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि सेना की इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के ढांचे को आधुनिक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी क्षेत्रों में क्षमताएं बढ़ाने पर जोर दिया। बदलते युद्ध के माहौल में भारत को सैन्य क्षमताओं, तकनीक, संचार और तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को लगातार मजबूत करना होगा।

75% स्वदेशी सामग्री से लैस है युद्धपोत

जीआरएसई ने नौसेना को सौंपा स्वदेशी 'विंध्यगिरि' युद्धपोत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के ठीक बाद से भारतीय नौसेना अपनी समुद्री मारक क्षमता को दसों दिशाओं से चाक-चौबंद बनाने में लगी हुई है। जिसका प्रमाण बीते कुछ महीनों से लगातार एक के बाद एक बल के जंगी बेड़े में शामिल हो रहे हथियारों, सैन्य प्लेटफार्म को देखने से मिलता है। अब इस कड़ी में शुक्रवार को प्रोजेक्ट 17-ए (नीलगिरि श्रेणी) के तहत स्वदेश में डिजाइन के साथ बनाए गए अंतिम सातवें उन्नत स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट विंध्यगिरि (यार्ड-3024) का नाम भी शुमार हो गया है। जिसे कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने 27 नवंबर को आयोजित किए गए एक समारोह में नौसेना को सौंप दिया है। आगामी समय में युद्धपोत को नौसेना में औपचारिक रूप से कमीशन किया जाएगा। जिससे संबंधित समारोह में नौसेनाध्यक्ष एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शिरकत कर सकते हैं। प्रोजेक्ट नीलगिरि दरअसल नौसेना की शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट-17) का एक उन्नत संस्करण है।



ब्रह्मोस, बराक मिसाइलें से लैस विंध्यगिरि

प्रोजेक्ट 17-ए के माध्यम से नौसेना को कुल 7 फ्रिगेट सौंपे जाने थे। जिनमें से 4 का निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डाकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) ने किया और बाकी बचे हुए 3 फ्रिगेट को कोलकाता के जीआरएसई ने बनाया है। विंध्यगिरि व अन्य 6 युद्धपोतों की खास बात ये है कि यह सभी सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल और बराक-8 जैसी अति विध्वंसक मिसाइलों से लैस हैं। समुद्र में तैनाती के दौरान इनका मुख्य कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की निगहबानी के अलावा जमीनी, हवाई और पनडुब्बी खतरों से निपटना होगा। अंतिम युद्धपोत को सौंपने के बाद यह परियोजना अब पूरी तरह से सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। जिसे आत्मनिर्भरता और युद्धपोत डिजाइन-निर्माण के मामले में एक मील के पत्थर के रूप में देखा जा रहा है।

कर्नाटक की पहाड़ियों से मिला नाम

विंध्यगिरि फ्रिगेट एक बहु-अभियान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला प्लेटफार्म है। जिसे नौसेना ने वर्तमान और भविष्य की समुद्री चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया। इसका नामकरण दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य की विंध्यगिरि पहाड़ियों के नाम पर किया गया है। जो कि लिएंडर श्रेणी के समान नाम वाले युद्धपोत आईएनएस विंध्यगिरि के पुनर्जन्म को दर्शाता है। जिसने 8 जुलाई 1981 से लेकर 11 जून 2012 तक लगभग 31 वर्षों तक नौसेना के बेड़े में तैनाती रहकर समुद्री सीमाओं की बेहद सतर्कता के साथ निगरानी करते हुए राष्ट्र सेवा की थी। अब इसके नए अवतार के जरिए नौसेना ने न केवल डिजाइन बल्कि स्टेल्थ तकनीक, फायर पावर, समुद्र में तीव्र गति से विचरण की क्षमता और आत्मरक्षा के लिए कई जरूरी बदलाव के साथ इसे तैयार किया है।

अमेरिकी न्याय विभाग की जांच

एनवीडिया के पूर्व कार्यकारी पर चीन को 'सर्वर' बेचने का गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एनवीडिया के पूर्व शीर्ष कार्यकारी जय पुरी और उनकी पत्नी व कंपनी में वरिष्ठ तकनीकी कार्यकारी सेनली चेन का संबंध अमेरिका की जांच के दायरे में है। यह जांच उनके द्वारा कंपनी के करीब 2.5 अरब डॉलर के चिप और सर्वर को चीन भेजने के कथित मामले से जुड़ी है। पुरी पहले एनवीडिया के वैश्विक बिक्री संचालन का नेतृत्व करते थे। सेनली चेन सुपर माइक्रो की पूर्व चीफ ग्रोथ ऑफिसर थीं। दोनों कई वर्षों तक एक-दूसरे को डेट करते रहे और 7 मार्च, 2026 को उनकी शादी हुई।



जय पुरी पत्नी सेनली चेन के साथ

सुपर माइक्रो कंपनी पर उठे सवाल

19 मार्च को अमेरिकी न्याय विभाग ने सुपर माइक्रो के एक सह-संस्थापक, एक बिक्री प्रबंधक और एक तीसरे पक्ष के दलाल के खिलाफ आरोप लगाए। उन पर 500 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के सर्वर, जिनमें उन्नत एनवीडिया चिप्स थे, चीन में तस्करी करने की साजिश रचने का आरोप है। जांच में यह आरोप भी शामिल है कि 2.5 अरब डॉलर मूल्य के सर्वर सिंगापुर स्थित एक फर्जी कंपनी के माध्यम से चीनी ग्राहकों को बेचे गए।

चेन ने आरोप किए खारिज

अमेरिकी कंपनी सुपरमाइक्रो के खिलाफ शेयरधारकों की ओर से दायर मुकदमे में उसकी पूर्व अधिकारी सेनली चेन की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। शॉर्ट सेलिंग कंपनी मड्डी वाटर्स ने अपनी रिपोर्ट में जय पुरी और चेन के बीच संभावित संबंधों को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। चेन सर्वर निर्माता के ग्राहकों के साथ मिलकर काम करती थीं। चेन ने बताया कि उन्हें पेशेवर लाभ के लिए कभी व्यक्तिगत संबंधों पर निर्भर नहीं रहना पड़ा।

चंद्रयान-5 की तैयारी तेज

जापान ने दिखाया 350 किलो का रोवर, चांद से लेगा 'पानी'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और जापान मिलकर चांद के उन रहस्यों को समझने की तैयारी कर रहे हैं, जिनका जवाब भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों और मानव बस्तियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो सकता है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी (जेएएक्सए) ने भारत-जापान के संयुक्त चंद्र मिशन चंद्रयान-5 यानी लूपेक्स के रोवर का प्रोटोटाइप पेश किया। करीब 350 किलो वजनी यह रोवर चांद की सतह पर चलकर पानी और बर्फ की मौजूदगी का पता लगाने में मदद करेगा।

इस मिशन की खास बात यह है कि यह केवल चांद की तस्वीरें लेने या उसकी मिट्टी का सामान्य अध्ययन करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सतह के नीचे करीब 1.5 मीटर तक खुदाई करके नमूनों का विश्लेषण भी करेगा।

वायुसेना के विमानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में शुक्रवार को आयोजित एक हवाई प्रदर्शनी में आकाश गंगा की सटीक स्काईडाइविंग और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के हवाई करतबों के साथ सूर्य किरण और सारंग सहित वायुसेना की विशिष्ट प्रदर्शन टीम के शानदार प्रदर्शन ने हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम लोहगांव स्थित वायुसेना स्टेशन में आयोजित किया गया था। पुणे जिले के विभिन्न स्कूलों के 13,000 से अधिक छात्रों और आम लोगों ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की 'अपनी सेना को जानें' पहल के तहत आयोजित इन अद्भुत हवाई प्रदर्शन को देखा।

पीएम मोदी के 'मेक इन इंडिया' को सराहा

मॉस्को में 16 वर्षीय भारतीय एआई इनोवेटर से मिले पुतिन

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मॉस्को में आयोजित 'जर्नी टू द वर्ल्ड ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' सम्मेलन के दौरान 16 वर्षीय भारतीय एआई इनोवेटर राउल जॉन अजू से खास बातचीत की।



पुतिन और राउल अजू

इस दौरान राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को अपने खुद के समाधान विकसित करने और उन्हें जमीनी हकीकत में बदलने के लिए प्रेरित करती है। बातचीत के दौरान पुतिन ने अजू से सवाल किया कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता दायरा शिक्षा प्रणाली के लिए कोई खतरा पैदा कर रहा है? इसके जवाब में अजू ने कहा कि हमें पूरी तरह से एआई पर निर्भर होने के बजाय इसके साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। उनके मुताबिक, एआई को शिक्षा प्रक्रिया में उस स्तर पर जोड़ा जाना चाहिए।

मित्तल बोले-अब यूपी में योगी, दिल्ली में मोदी

कानपुर। कानपुर में शुक्रवार को रात हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेले में भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के बीच उन्होंने 'सेठों के सेठ' और 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे' जैसे भजन गाए। भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे और नाचे। इस दौरान कन्हैया मित्तल भी मंच पर थिरकते नजर आए। मंच से उन्होंने कहा 'जो योगी से प्यार करता है, वो जय श्रीराम का उद्घोष करे।' भजन संध्या के दौरान कन्हैया मित्तल ने भगवान राम, सनातन धर्म और राम मंदिर का जिक्र करते हुए राजनीति कर रही विपक्ष पर भी तंज कसा। बोले- 500 साल रामलला तंबू में रहे, तब राजनीति करने वालों को दुख नहीं हुआ।

भारत ऋण पूंजी बाजार शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल का खुलासा

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अंतिम चरण में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा रहा है और यह जल्द ही पूरा होने की स्थिति में है। नई दिल्ली में भारत ऋण पूंजी बाजार शिखर सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि प्रक्रियाओं संबंधी कुछ कारणों से द्विपक्षीय समझौते में देरी हुई, लेकिन अब यह अंतिम चरण में है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर इस साल के अंत तक हस्ताक्षर हो जाएंगे तथा यह अगले वर्ष मार्च या अप्रैल तक लागू हो जाएगा।



पीयूष गोयल

***5 वर्षों में** भारत ने 38 विकसित देशों के साथ 9 एफटीए को अंतिम रूप दिया*

क्रय शक्ति के आधार पर भारत की जीडीपी करीब 18 ट्रिलियन डॉलर

कई देशों में विशेष रियायतें मिली

गोयल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में भारत ने 38 विकसित देशों के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अंतिम रूप दिया है। 70 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था वाले देशों के बाजारों में भारत को विशेष व्यापारिक रियायतें मिली हैं। बातचीत के दौर से गुजर रहे 8 से 9 अन्य समझौतों के पूरा होने पर यह दायरा बढ़कर 85 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। गोयल ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, संघर्षों, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और शुल्क संबंधी बाधाओं के बावजूद भारत ने अपनी विकास गति बनाए रखी है।

7 महीनों में निर्यात करीब 570 अरब डॉलर

गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में निर्यात लगभग 570 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। भारत का लक्ष्य वार्षिक निर्यात को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में निर्यात रिकॉर्ड लगभग 90 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जीएसटी संग्रह में लगातार वृद्धि हो रही है और अक्टूबर महीने में अब तक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह दर्ज किया गया। भारत 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की 5 या 6 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। क्रय शक्ति समता के आधार पर भारत की जीडीपी लगभग 18 से 19 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। यह वस्तुओं और सेवाओं को बड़े पैमाने पर आत्मसात करने तथा प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उत्पादन करने की देश की क्षमता को दर्शाता है।

भारत-ईयू एफटीए पर 16 दिसंबर को होंगे हस्ताक्षर

भारत में यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पके ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ एफटीए पर अगले महीने की 16 तारीख को पीएम नरेंद्र मोदी की ब्रसेल्स यात्रा के दौरान औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in